website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष : 13 | अंक : 307 | पेज: 8 | जयपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## प्रधानमंत्री मोदी ने 947 करोड़ रुपये की पशुपालन और डेयरी परियोजनाओं का किया शुभारंभ

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते शनिवार को दिल्ली में भारत के पशुपालन और डेयरी क्षेत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 947 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया और 219 करोड़ रुपये की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन पहलों को कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों में निवेश के व्यापक पैकेज का हिस्सा बताया गया है। इसी अवसर पर प्रधानमंत्री ने दो महत्वपूर्ण कृषि योजनाओं -प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (PM-DDKY) और मिशन फॉर आत्मनिर्भरता इन पल्सेज की भी शुरुआत की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि "प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना हमारे पशुधन पर भी विशेष ध्यान दे रही है। अब तक 125 करोड़ से अधिक टीके फुट एंड माउथ डिजीज जैसी बीमारियों से बचाव के लिए मुफ्त लगाए जा चुके हैं। इससे पशु स्वस्थ हुए हैं और किसानों की चिंताएं कम हुई हैं। इस योजना के तहत अब स्थानीय स्तर पर पशु स्वास्थ्य से संबंधित अभियान भी शुरू किए जाएंगे।" उन्होंने आगे कहा कि जहां खेती संभव नहीं है वहां पशुपालन, मत्स्य पालन और मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाई जाएगी, जिससे छोटे और भूमिहीन परिवार भी आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को उसकी पहली पशुधन आईवीएफ (IVF) प्रयोगशाला मिली, जिसकी स्थापना असम के गुवाहाटी में राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM) के तहत 28.93 करोड़ रुपये की लागत से की गई है। यह प्रयोगशाला दुग्ध विकास और नस्ल सुधार के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है। राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD) के तहत कई बड़े डेयरी प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया गया। इनमें मेहसाणा मिल्क यूनियन की 120 मीट्रिक टन प्रतिदिन की मिल्क पाउडर प्लांट और 3.5 लाख लीटर प्रतिदिन की यूएचटी प्लांट, जिसकी लागत 460 करोड़ रुपये है; इंदौर मिल्क यूनियन की 30 टन प्रतिदिन की मिल्क



पाउडर प्लांट (76.50 करोड़ रुपये); भीलवाड़ा मिल्क यूनियन की 25,000 लीटर प्रतिदिन की यूएचटी प्लांट (46.82 करोड़ रुपये); और तेलंगाना के करीमनगर जिले के नुसतुलापुर में 25.45 करोड़ रुपये की लागत से विकसित ग्रीनफील्ड डेयरी प्लांट शामिल हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के कुप्पम मंडल में एकीकृत डेयरी प्लांट और 200 टीपीडी कैटल फीड प्लांट की आधारशिला रखी गई, जिसकी कुल लागत 219 करोड़ रुपये है। पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (AHIDF) के तहत 303.81 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया गया, जिससे देश में पशु आहार, दूध और पशु उत्पाद प्रसंस्करण की क्षमता बढ़ेगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के 2,000 नए प्रशिक्षित मैत्री को प्रमाणपत्र प्रदान किए, जो राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत पशु प्रजनन सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने में सहायक होंगे। पूरे देश में अब तक 38,000 से अधिक मैत्री कार्यरत हो चुके हैं, जिससे कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं का विस्तार और पशुधन की आनुवंशिक गुणवत्ता में सुधार हुआ है। इन पहलों से सरकार का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और कृषि-संबद्ध क्षेत्रों के सतत विकास के माध्यम से पोषण और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## गाजा शांति सम्मेलन से पहले ट्रंप का बड़ा ऐलान: "युद्ध खत्म, अब शांति वार्ता पर फोकस"

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि "अब युद्ध खत्म हो गया है।" इसके बाद वे मिस्र रवाना हुए, जहां सोमवार को गाज़ा में शांति प्रक्रिया पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होने जा रहा है। यह सम्मेलन दो साल से जारी संघर्ष को खत्म करने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

**ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में यह पहली बड़ी शांति पहल मानी जा रही है**

ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में यह पहली बड़ी शांति पहल मानी जा रही है। उन्होंने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और हमास दोनों पर दबाव डालकर 20 बिंदुओं वाला शांति समझौता करवाया है। शिखर सम्मेलन के लिए शर्म अल-शेख जाने से पहले, वह पहले इजराइल में रुकेंगे, जहां उनके इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिलने और देश की संसद, नेसेट को संबोधित करने की उम्मीद है।

**शुक्रवार को गाजा में संघर्ष विराम लागू होने के बाद हमास ने बचे हुए इज़रायली बंधकों को रिहा करने का वादा किया**

शुक्रवार को गाजा में संघर्ष विराम लागू होने के बाद हमास ने बचे हुए इज़रायली बंधकों को रिहा करने का वादा किया है। उम्मीद है कि सोमवार को रेड क्रॉस की निगरानी में यह प्रक्रिया पूरी होगी। यह संघर्ष 7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुआ था, जब हमास ने गाजा से इजरायल पर हमला किया था। इस हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए और 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके जवाब में इजरायल ने भी



भीषण हमले किए, जिनमें गाजा अधिकारियों के अनुसार अब तक लगभग 67,000 फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।

**ट्रंप के 20 बिंदुओं वाले इस शांति प्रस्ताव में मिस्र, कतर और तुर्किये ने मध्यस्थता की, जबकि अमेरिका की ओर से जेरेड कुशनर सहित कई अधिकारी इसमें शामिल रहे**

ट्रंप के 20 बिंदुओं वाले इस शांति प्रस्ताव में मिस्र, कतर और तुर्किये ने मध्यस्थता की, जबकि अमेरिका की ओर से जेरेड कुशनर सहित कई अधिकारी इसमें शामिल रहे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, फिलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फ़तह अल-सीसी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और कतर तथा संयुक्त अरब अमीरात के नेताओं के इस शिखर सम्मेलन में शामिल होने की उम्मीद है। कीर्ति वर्धन सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**ट्रम्प ने कहा कि गाजा और इजरायल दोनों ही ओर के लोग इस समझौते से खुश हैं**

ट्रम्प ने कहा कि गाजा और इजरायल दोनों ही ओर के लोग इस समझौते से खुश हैं। उन्होंने कहा, "पहली बार ऐसा हुआ है कि दोनों पक्ष जश्न मना रहे हैं।" मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने भी शांति समझौते को लेकर विश्वास व्यक्त किया। समझौते के अगले चरण में हमास को अपने हथियार छोड़ने होंगे।

**ट्रम्प की योजना के तहत, उनकी अध्यक्षता वाला एक शांति बोर्ड गाज़ा के स्थिरीकरण और पुनर्निर्माण की देखरेख करेगा**

ट्रम्प की योजना के तहत, उनकी अध्यक्षता वाला एक शांति बोर्ड गाज़ा के स्थिरीकरण और पुनर्निर्माण की देखरेख करेगा। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इजरायली हमलों में गाजा का 80 प्रतिशत हिस्सा नष्ट हो चुका है। इस पुनर्निर्माण कार्य का संचालन ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर करेंगे।

**समझौते के तहत हमास अब गाजा के शासन में कोई भूमिका नहीं निभाएगा**

समझौते के तहत हमास अब गाजा के शासन में कोई भूमिका नहीं निभाएगा। इसके बजाय "योग्य फ़िलिस्तीनियों और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों" का एक समूह इसका प्रभारी होगा। ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा, "सबसे पहले लोगों की जरूरतों को पूरा करना है, और यह काम तुरंत शुरू होगा।" संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, इजरायल ने राहत सामग्री को गाजा में जाने की अनुमति दे दी है, और अब भोजन, दवाइयां और तंबू लेकर कई ट्रक गाजा पहुंच चुके हैं।

## झारखंड, मिजोरम और जम्मू-कश्मीर में उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने तीन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में खाली हुई विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की। झारखंड, मिजोरम और जम्मू-कश्मीर की विधानसभा की कुछ सीटें हाल ही में खाली हुई हैं, जिन्हें भरने के लिए चुनाव आयोग ने चुनावी प्रक्रिया की तारीखें तय की हैं। यह उपचुनाव 16 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

**झारखंड की 45-घाटशिला सीट 15 अगस्त को हुई थी खाली**

झारखंड की 45-घाटशिला (एसटी) विधानसभा सीट (जो राम दास सोरेन के निधन के कारण 15 अगस्त, 2025 को खाली हुई थी) पर उपचुनाव होने जा रहा है। चुनाव आयोग ने इस सीट के लिए उपचुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए कहा है कि 16 नवंबर तक नया विधायक चुना जाएगा।निर्वाचन के लिए 21 अक्टूबर को नामांकन की अंतिम तारीख रहेगी। 22 अक्टूबर को नामांकन की जांच होगी और 24 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। 11 नवंबर को मतदान होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है।

**मिजोरम की 2-डांपा सीट भी खाली**

मिजोरम की 2-डांपा (एसटी) विधानसभा सीट भी खाली हुई थी, जब लालरिंतलुआंगा सैलो का निधन 21 जुलाई, 2025 को हुआ। यहां भी उपचुनाव 16 नवंबर तक पूरा होना है।यहां नामांकन 21 अक्टूबर तक जमा करने होंगे, 22 अक्टूबर को नामांकन की जांच होगी, 24 अक्टूबर तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 11 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा।

**जम्मू-कश्मीर के नागरोटा विधानसभा क्षेत्र की 77 नंबर की सीट भी खाली**

जम्मू-कश्मीर के नागरोटा विधानसभा क्षेत्र की 77




नंबर की सीट देवेंद्र सिंह राणा के निधन के कारण 31 अक्टूबर, 2024 को खाली हुई थी। यहां भी चुनाव आयोग ने उपचुनाव कराने का निर्णय लिया है।

**नामांकन की अंतिम तारीख**

यहां नामांकन की अंतिम तारीख 20 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 22 अक्टूबर को नामांकन की जांच होगी और 24 अक्टूबर तक नाम वापसी की अनुमति रहेगी। मतदान की तारीख 11 नवंबर तय की गई है। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। इन तीनों उपचुनावों के लिए चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन प्रक्रिया जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत होगी। सभी चुनाव विधि और नियमों के अनुसार निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराए जाएंगे।

## IRCTC घोटाला: लालू, राबड़ी और तेजस्वी पर भ्रष्टाचार के आरोप तय

### कोर्ट ने कहा- 'आरोपियों को इससे प्रत्यक्ष लाभ मिला'

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईआरसीटीसी स्कैम से जुड़े मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सोमवार को बड़ी कार्यवाही हुई। इस दौरान कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप तय कर दिए।

**कोर्ट ने कहा- 'इस मामले में करप्शन की साजिश रची गई थी'**

यह सुनवाई स्पेशल सीबीआई जज विशाल गोगने की अदालत में हुई, जिसमें लालू परिवार सहित सभी आरोपी व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहे। कोर्ट ने कहा कि मामले में करप्शन की साजिश रची गई थी और आरोपियों को इससे प्रत्यक्ष लाभ मिला।

**कोर्ट ने माना कि लालू यादव की जानकारी में ही यह साजिश रची गई**

कोर्ट ने माना कि लालू यादव की जानकारी में ही यह साजिश रची गई और उनके परिवार को सीधे तौर पर आर्थिक लाभ पहुंचाया गया। अदालत ने कहा कि राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को बेहद कम कीमत पर जमीन दी गई, जो कि आईआरसीटीसी के ठेके देने के बदले में दी गई रिश्वत के रूप में देखा जा सकता है।

**सीबीआई ने सबूतों की पूरी चेन पेश की है**

जज ने कहा कि सीबीआई ने सबूतों की पूरी चेन पेश की है और अदालत को यह स्पष्ट रूप से दिखता है कि सभी आरोपी एक



व्यापक साजिश का हिस्सा थे। कोर्ट ने यह भी कहा कि आरोपियों की दलीलें कोर्ट को संतुष्ट नहीं कर पाईं।

**आरोपियों की दलीलें कोर्ट को संतुष्ट नहीं कर पाईं**

कोर्ट ने आईपीसी 420 (धोखाधड़ी), आईपीसी 120बी (आपराधिक साजिश), भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) और धारा 13(1)(डी) (सरकारी पद का दुरुपयोग करके अनुचित लाभ प्राप्त करने) के तहत ये आरोप तय किए हैं। राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर 120बी और 420 आईपीसी के तहत ट्रायल चलेगा।

आरोप तय होने के बाद लालू प्रसाद यादव ने अदालत में कहा...

आरोप तय होने के बाद लालू प्रसाद यादव ने अदालत में कहा, "हम आरोपों को स्वीकार नहीं करते, मुकदमे का सामना करेंगे।" तेजस्वी यादव ने भी यही कहा, "हम आरोपों से इनकार करते हैं और कानूनी रूप से मुकदमे का सामना करेंगे।"

**कब का है यह मामला ?**

गौरतलब है कि यह मामला उस समय का है जब लालू यादव केंद्रीय रेल मंत्री थे। आरोप है कि रेलवे के खानपान से जुड़े ठेके आईआरसीटीसी के तहत कुछ निजी कंपनियों को दिए गए थे और इसके बदले में लालू परिवार को जमीनों के रूप में फायदा पहुंचाया गया।

सीबीआई ने इस केस में विस्तृत चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें लालू परिवार समेत अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। अगली सुनवाई की तारीख जल्द ही निर्धारित की जाएगी और अब इस मामले में ट्रायल की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है।

## राजस्थान में समय पर न्याय सुनिश्चित करेंगे तीन नए कानून: अमित शाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान में नए आपराधिक कानूनों पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि 160 साल पुराने कानून को समाप्त कर केंद्र सरकार जो तीन नए कानून लाई है, उनके माध्यम से 2027 के बाद जो भी



एफआईआर होगी, उस पर तीन साल के अंदर ही सुप्रीम कोर्ट तक न्याय दिलाने की व्यवस्था इस कानून से हो जाएगी।

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा, "तीन नए कानून सभी को सरलता से और समय पर सुलभ न्याय देने का कार्य करेंगे

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा, "तीन नए कानून सभी को सरलता से और समय पर सुलभ न्याय देने का कार्य करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को 'ईज ऑफ लिविंग' दिया है और इन कानूनों से 'ईज ऑफ जस्टिस' भी मिलेगा। हमारी न्याय प्रणाली अब दंड के स्थान पर न्याय के सिद्धांत पर कार्य करेगी।"

**आपराधिक न्याय से जुड़े लोगों को मेरा विनम्र अनुरोध है कि राजस्थान में लगाए गए तीन नए कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी जरूर देखें**

उन्होंने अपील करते हुए कहा, "आपराधिक न्याय से जुड़े लोगों को मेरा विनम्र अनुरोध है कि राजस्थान में लगाए गए तीन नए कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी जरूर देखें।" उन्होंने कहा कि राजस्थान में सजा दिलाने की दर पहले महज 42 प्रतिशत थी। तीन नए कानून लागू हुए सिर्फ एक साल ही हुआ है और यह दर बढ़कर 60 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। अमित शाह ने कहा, "जब इनका पूर्ण रूप से इंप्लीमेंटेशन हो जाएगा, तब सजा दिलाने की दर 90 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। इन कानूनों में सभी प्रकार की वैज्ञानिकता की व्यवस्था की गई है।

**तीन नए कानूनों में 29 से अधिक स्थानों पर समय-सीमा भी निर्धारित की गई है**

उद्घाटन भाषण में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, "तीन नए कानूनों में 29 से अधिक स्थानों पर समय-सीमा भी निर्धारित की गई है। 90 दिनों में पीड़ित को अपडेट देना अनिवार्य है। 14 दिनों में पुलिस रिपोर्ट की प्रति पीड़ित को देनी होगी। 60 दिन और 90 दिन में चार्जशीट दाखिल करनी होगी।" अमित शाह ने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली में मोदी सरकार के सुधार 21वीं सदी के सबसे बड़े रिफॉर्म्स हैं। इसके लागू होने के बाद हमारी न्याय प्रणाली पूरी दुनिया में सबसे आधुनिक बन जाएगी।

## कनाडा की विदेश मंत्री का पहला भारत दौरा

### -भारत-कनाडा के संबंध में हो रहा सुधार

नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद विदेश दौरे पर भारत पहुंची हैं। भारत में कनाडाई विदेश मंत्री ने एस जयशंकर के साथ बैठक की। बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत और कनाडा के बीच संबंध पिछले कुछ महीनों में लगातार आगे बढ़ रहे हैं और दोनों देश साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक तंत्र को बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। कनाडा की पूर्व ट्रूडो सरकार के कार्यकाल में भारत के साथ तनाव बढ़ गए थे। हालांकि, मार्क कार्नी के शासन में दोनों देशों के बीच संबंध में सुधार देखने को मिल रहा है। कनाडा की विदेश मंत्री के रूप में अनीता आनंद का ये पहला भारत दौरा है। इस मौके पर उनका स्वागत करते हुए, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, "पिछले कुछ महीनों में भारत-कनाडा द्विपक्षीय संबंधों में लगातार प्रगति हुई है। हम अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक तंत्रों को पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रहे हैं।" उन्होंने आगे कहा, "जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कनानसकीस में प्रधानमंत्री कार्नी के साथ अपनी बैठक के दौरान कहा था, भारत का दृष्टिकोण सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना है। आज सुबह, आपने प्रधानमंत्री से मुलाकात की। आपने उनसे व्यक्तिगत रूप से सहयोग के हमारे दृष्टिकोण और इसे सर्वोत्तम तरीके से साकार करने के बारे में सुना है।" इससे पहले भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत



डोभाल ने कनाडा की एनएसए नथाली से मुलाकात की थी। भारत के विदेश मंत्री ने कनाडा की विदेश मंत्री के साथ बैठक के दौरान उसका भी जिक्र किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, "उप-मंत्री के सचिव स्तर के हमारे विदेश मंत्रालयों ने भी 19 सितंबर को समग्र संबंधों की समीक्षा के लिए बैठक की। हमारे व्यापार मंत्रियों ने हाल ही में 11 अक्टूबर को बातचीत की। इसलिए, जब हम कनाडा को देखते हैं, तो हम एक पूरक अर्थव्यवस्था, एक खुला समाज, और विविधता देखते हैं, और हमारा मानना है कि यही एक घनिष्ठ, टिकाऊ और दीर्घकालिक सहयोगात्मक ढांचे का आधार है।" उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रियों के रूप में हमारी जिम्मेदारी हमारे सहयोग के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया का नेतृत्व करना और यह सुनिश्चित करना है कि यह हमारे प्रधानमंत्रियों की अपेक्षाओं और हमारे लोगों के हितों पर खड़ा उतरे। मैं आपके साथ मिलकर काम करते हुए ऐसा करने के लिए उत्सुक हूं।"

## बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए में हुआ सीटों का बंटवारा

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए ने बिहार चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे की घोषणा कर दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने एनडीए के सीट बंटवारे की घोषणा की।

**भाजपा-जदयू के खाते में बराबर सीटें**

इस समझौते के तहत, भाजपा और नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) दोनों 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी, जबकि चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें दी गई हैं। जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) छह-छह सीटों पर चुनाव लड़ेंगी।

**पहली लिस्ट आज जारी होने की उम्मीद**

इसके पश्चात् रविवार को भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में बिहार विधानसभा के उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई गई। पार्टी ने सभी 101 नामों पर अपनी मुहर लगा दी है। ऐसे में भाजपा के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट आज सोमवार को जारी होने की उम्मीद है।

**दो दिनों की दिल्ली में हुई मैराथन बैठक में एक-एक नाम पर चर्चा**



उल्लेखनीय है कि दो दिनों की दिल्ली में हुई मैराथन बैठक में एक-एक नाम पर चर्चा हुई। शनिवार को जेपी नड्डा की अध्यक्षता में उनके आवास पर आठ घंटे तक चली बैठक में सभी संभावित उम्मीदवारों के नाम पर मंथन हुआ। इसके बाद रविवार को बैठकें हुई। केंद्रीय समिति की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, बिहार भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा आदि भी उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड में मदरसा बोर्ड अब खत्म, अल्पसंख्यक स्कूलों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ा जाएगा

शिमला। उत्तराखंड सरकार ने अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक 2025 को मंजूरी दी है, जिसके तहत राज्य के सभी मदरसों को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद से संबद्ध होना अनिवार्य होगा। इस कदम से मदरसा बोर्ड का इतिहास बन जाएगा और सभी अल्पसंख्यक विद्यालयों में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत राष्ट्रीय पाठ्यक्रम लागू होगा. उत्तराखंड में अब मदरसा बोर्ड इतिहास बनने जा रहा है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक के लागू होने के बाद राज्य में चल रहे सभी मदरसों को उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण से मान्यता लेनी होगी और उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद (उत्तराखण्ड बोर्ड) से संबद्ध होना अनिवार्य होगा।

**'नई शिक्षा नीति के तहत दी जाएगी एजुकेशन'**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस



निर्णय को राज्य की शिक्षा व्यवस्था में 'समानता और आधुनिकता' की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि जुलाई 2026 सत्र से सभी अल्पसंख्यक विद्यालयों में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम (NCF) और नई शिक्षा नीति (NEP-2020) के तहत शिक्षा दी जाएगी।

**'मुख्यधारा की शिक्षा प्रणाली से जुड़ेगा मदरसा बोर्ड'**

मुख्यमंत्री ने कहा, 'सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश का हर बच्चा चाहे वह किसी भी वर्ग या समुदाय का हो- समान शिक्षा और समान अवसरों के साथ आगे बढ़'। इस कदम के साथ उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन जाएगा, जहां मदरसा बोर्ड को समाप्त कर अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थानों को मुख्यधारा की शिक्षा प्रणाली से जोड़ा जाएगा।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

## योगी को लगा बड़ा झटका!

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिनको वेटिंग प्रधानमंत्री भी माना जाता है, को बड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले कहा करते थे कि तालिबानी सोच आतंकवादी सोच है। तालिबानी क्रूर और मानवता पर कलंक है। योगी ने उत्तरप्रदेश विधानसभा में कहा था कि तालिबान का समर्थन करना आतंकवाद का समर्थन करने के बराबर है। सांसद जियाउर रहमान बिर्क ने तालिबान द्वारा अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को अफगानिस्तान से खदेड़ने के संग्राम को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समान बताया था। उस समय योगी सरकार ने संसद बिर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली थी। तालिबान के पक्ष में बोलने पर उत्तरप्रदेश की योगी सरकार ने कई प्रकार की सख्ती की थी। लेकिन वही योगी सरकार और उत्तरप्रदेश प्रशासन अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की उत्तर प्रदेश के देवबंद जो इस्लामिक शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र है, गए एवं वहां की शिक्षाओं की तारीफ भी की। जबकि योगी सरकार में देवबंद को अच्छी नजरों से नहीं देखा जाता है। इसके बाद अफगान विदेश मंत्री आगरा के ताजमहल भी गए। मुख्यमंत्री योगी के विधानसभा और अन्य जगह दिए गए भाषणों का वीडियो वायरल हो रहा है। एक और बात सभी की जानकारी में नहीं है कि तालिबान हजरत मोहम्मद स.अ. से सबसे ज्यादा मोहब्बत करते हैं और हजरत मोहम्मद स.अ. की आलोचना करने वालों को पसंद नहीं करते हैं। उत्तर प्रदेश की विपक्षी पार्टिया मुख्यमंत्री योगी द्वारा पिछले वर्षों में दिए गए भाषणों और वक्तव्यों को लेकर मजाक उड़ा रही है। सांसद जियाउर रहमान बिर्क ने कहा कि अब किसके खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। तालिबान का समर्थन करने वाला तो आतंकवादी होता है। विपक्षी एवं काफी लोगों का कहना है कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विचारधारा बदल रही है, या मुसलमानों के प्रति उनका नजरिया बदल रहा है, या फिर किसी के दबाव में योगी जी चुप्पी साध रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी और दिल्ली वालों के बीच चल रही लड़ाई में योगी हार रहे हैं। क्या मुख्यमंत्री योगी अब वेटिंग प्राइममिनिस्टर की पदवी खोने जा रहे हैं। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की सफल देवबंद और आगरा के ताजमहल की यात्रा से ऐसा ही लग रहा है। क्योंकि योगी आदित्यनाथ की छवि एक विशेष समुदाय एवं दलितों के खिलाफ रही है। उनके भाषण शैली में लोकप्रियता हिंदुओं के बीच इसलिए है कि वह एक विशेष समुदाय के खिलाफ अनाप-शनाप बोलते हैं। यदि योगी जी ने यह विशेष शैली छोड़ी, जिस प्रकार अफगानी विदेश मंत्री के दौरे के समय दिखाई दी, तो वह अपनी लोकप्रियता खो देंगे और प्रधानमंत्री के दावेदार भी नहीं रहेंगे। भारत में अफगान विदेश मंत्री की यात्रा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए बड़ा झटका है।

## मौत को कसरत से याद करो



वाक़िआ ये है कि इस दुनिया में ज़रा सा कोई मामूल के ख़िलाफ़ सफ़र दरपेश आ जाए तो उसकी पहले से तैयारियां हैं, उसके तज़किरे हैं, उसके लिए पहले से क्या कुछ मंसूबे बनाए जाते हैं, लेकिन जब आख़िरत का सफ़र पेश आता है और वो सफ़र भी ऐसा है कि बैठे बैठे पेश आ जाता है। पहले मालूम होता है कि साहब मेरे बग़ैर इस दुनिया की गाड़ी नहीं चल सकती। मैं नहीं हूंगा तो बच्चों का क्या होगा? बीवी का क्या होगा? और कारोबार का क्या होगा? वो वक़्त आ रहा है लेकिन हम और आप इसके बारे में सोचने के लिए तैयार नहीं। अपने हाथों से जनाज़ों को कंधे देते हैं, अपने हाथों से अपने प्यारों को क़ब्र में उतारते हैं, अपने हाथों से उनको मिट्टी दे कर आते हैं। लेकिन ये समझ कर बैठ जाते हैं कि उनके साथ हो गया ये वाक़िआ। हमारा इसके साथ क्या ताल्लुक़?

सरकार-ए-दो आलम हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं: "लज़्ज़तों को ख़त्म करने वाली चीज़ यानी मौत को कसरत से याद किया करो।"

ज़रा हम अपना जायज़ा लें कि चौबीस घंटों में से कितना वक़्त हम इस मौत को याद करने में सर्फ़ करते हैं? बहर हाल, इस हदीस के ज़रिए हुज़ूर-ए-अक़दस सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने बतला दिया कि तुम्हारी बुनियादी बीमारी ये है कि तुम आख़िरत से ग़ाफ़िल हो। आख़िरत अगर तुम्हारे पेश-ए-नज़र हो जाए, आख़िरत तुम्हारी आंखों के सामने आ जाए और उसकी फ़िक्र तुम्हारे दिल व दिमाग़ पर सवार हो जाए, तुम्हारी सारी ज़िंदगी की मुश्किलात ख़त्म हो जाएं। सारे जराइम, सारी बद-आमाली, सारी बद-उनवानी इस बुनियाद पर हैं कि इसी दुनिया के गिर्द हमारा दिमाग़ चक्कर लगा रहा है, आख़िरत की तरफ़ नहीं देखता, आख़िरत को नहीं सोचता। इसका माल हड़प कर लूं, इसका हक़ ज़ाए कर दूं, इसका ख़ून पी जाऊं। ये सब इसलिए करता है ताकि मेरी दुनिया दुरुस्त हो जाए। मरने के बाद क्या होगा, इसकी कुछ फ़िक्र नहीं।

और ये फ़िक्र सरवर-ए-कौनैन हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने पैदा की, और ये जो कुछ आप सीरत के अंदर अमन व अमान के, सुकून और इत्मीनान के वाक़िआत पढ़ते हैं, वो दर-हक़ीक़त इस फ़िक्र-ए-आख़िरत का नमूना हैं, कि दिल व दिमाग़ पर हर वक़्त जन्नत का ख़्याल छाया हुआ है कि अल्लाह के सामने पेश होना है, वो जन्नत नज़र आ रही है और उस जन्नत के ख़्याल में, अल्लाह तबारक व तआला के सामने पेश होने के ख़्याल में इंसान जो काम करता है वो अल्लाह तआला को राज़ी करने वाला करता है।

# उर्दू और हिंदी कवि एवं गीतकार थे निदा फाजली




मुक़्तिदा हसन निदा फ़ाज़ली, जिन्हें निदा फ़ाज़ली के नाम से जाना जाता है (12 अक्टूबर 1938 - 8 फरवरी 2016, एक प्रमुख भारतीय उर्दू और हिंदी कवि, गीतकार और संवाद लेखक थे। साहित्य में उनके योगदान के लिए उन्हें भारत सरकार द्वारा 2013 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

नई दिल्ली में एक कश्मीरी मुस्लिम परिवार में जन्मे निदा फ़ाज़ली [1] ग्वालियर में पले-बढ़े जहाँ उन्होंने स्कूली शिक्षा प्राप्त की और बाद में अंग्रेज़ी साहित्य का अध्ययन किया। पिता भी एक प्रसिद्ध उर्दू कवि थे। उनके दो अन्य भाई, तस्लीम फ़ाज़ली और सबा फ़ाज़ली भी प्रमुख नाम थे। फ़िल्मों, कविताओं और गीतों के माध्यम से साहित्य में उनके योगदान को आज भी भारत और पाकिस्तान दोनों जगह उनके प्रशंसक याद करते हैं।

भारत के विभाजन के अठारह साल बाद, 1965 में उनके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य पाकिस्तान चले गए। हालाँकि, उन्होंने भारत में ही रहने का फ़ैसला किया।] यह घटना फ़ाज़ली के ग्वालियर से मुंबई (1964 में) आजीविका कमाने के लिए आने के एक साल बाद हुई। माता-पिता का यह जाना उनके जीवन की एक युगांतकारी घटना थी, जिसका दर्द और प्रभाव जीवन भर उनके साथ रहा।

फ़ाज़ली की दो शादियाँ हुईं। उनकी दूसरी पत्नी मालती जोशी थीं। उनकी एक बेटी, तहरीर, हुई। युवावस्था में, फ़ाज़ली एक हिंदू मंदिर के पास से गुज़र रहे थे जहाँ एक भजन गायक सूरदास की एक रचना गा रहा था जिसमें राधा अपने प्रिय कृष्ण से वियोग में अपनी दासियों के साथ अपना दुःख साझा कर रही थीं। पद की काव्यात्मक सुंदरता, जो मनुष्यों के बीच घनिष्ठ संबंध और बंधन से संबंधित है, ने निदा को कविताएँ लिखने के लिए प्रेरित किया। उस दौर में, उन्हें लगा कि उर्दू शायरी में कुछ सीमाएँ हैं। उन्होंने अपनी मनचाही अभिव्यक्ति के लिए मीर और ग़ालिब के सार को आत्मसात किया। वे मीरा और कबीर के काव्यात्मक भावों से प्रभावित थे और उन्होंने टीएस एलियट, गोगोल और एंटोन चेखव का अध्ययन करके कविता के अपने ज्ञान को बढ़ाया।

वह 1964 में नौकरी की तलाश में मुंबई चले गए। अपने करियर के शुरुआती दिनों में, उन्होंने धर्मयुग और ब्लिट्ज़ में लिखा। उनकी काव्य शैली ने फ़िल्म निर्माताओं और हिंदी और उर्दू साहित्य के लेखकों का ध्यान आकर्षित किया। उन्हें अक्सर मुशायरों में आमंत्रित किया जाता था, जो किसी की अपनी कविता के प्रतिष्ठित पाठ सत्र थे। वे अपनी सुंदर प्रस्तुति और ग़ज़ल, दोहा और नज़्मों के लिए बोलचाल की भाषा के विशेष प्रयोग के लिए पाठकों और ग़ज़ल गायकों के बीच जाने जाते थे, जबकि अपनी कविता को सरल बनाने के लिए अलंकृत फ़ारसी कल्पना और मिश्रित शब्दों से बचते थे। उन्होंने प्रसिद्ध दोहा लिखा: 'दुनिया जिसे कहते हैं जादू का खिलौना है मिल जाए तो मिट्टी है खो जाए तो सोना है'।

उनके कुछ प्रसिद्ध फिल्मी गीतों में आ भी जा ( सुर ), तू इस तरह से मेरी ज़िंदगी में ( आप तो ऐसे न थे ) और होश वालों को खबर क्या (सरफरोश ) शामिल हैं। उन्होंने अपनी पुस्तक मुलाक़ातें में साठ के दशक के समकालीन कवियों की आलोचना करते हुए निबंध लिखे, जिससे साहिर लुधियानवी, अली सरदार जाफ़री और कैफ़ी आज़मी जैसे कवि नाराज हो गए। नतीजतन, कुछ काव्य सत्रों में उनका बहिष्कार किया गया। उनका करियर तब बेहतर हुआ जब फिल्म निर्माता कमाल अमरोही ने उनसे संपर्क किया। फिल्म रज़िया सुल्तान (1983) पर काम कर रहे मूल गीतकार जान निसार अख़्तर की परियोजना पूरी होने से पहले ही मृत्यु हो गई थी। निदा ने अंतिम दो गीत लिखे और अन्य हिंदी फिल्म निर्माताओं को आकर्षित किया।

उनके प्रसिद्ध गीत आप तो ऐसे ना थे, इस रात की सुबह नहीं (1996) और गुड़िया में भी इस्तेमाल किए गए थे। उन्होंने सैलाब, नीम का पेड़, जाने क्या बात हुई और ज्योति जैसे टीवी धारावाहिकों के शीर्षक गीत लिखे। "कोई अकेला कहाँ" रचना कविता कृष्णमूर्ति द्वारा गाई गई एक और लोकप्रिय रचना है। उनकी ग़ज़लें और अन्य रचनाएँ उस समय के उल्लेखनीय कलाकारों द्वारा गाई जाती हैं। उन्होंने 1994 में जगजीत सिंह के साथ मिलकर इनसाइट नामक एक एल्बम लाया, जिसे इसकी भावपूर्ण कविता और संगीत के लिए सराहना मिली। अपनी मृत्यु से कुछ समय पहले उन्होंने विभिन्न सामाजिक मुद्दों और साहित्य पर बीबीसी हिंदी वेबसाइट के लिए कॉलम लिखे थे। मिर्ज़ा ग़ालिब की रचनाओं का अक्सर उनके द्वारा उल्लेख किया जाता था।

**शैली**

निदा फ़ाज़ली विविध मनोभावों के कवि हैं और उनके लिए रचनात्मक भावना और आंतरिक प्रेरणा ही कविता के स्रोत हैं। उनका मानना है कि एक कवि की भावना एक कलाकार के समान होती है: एक चित्रकार या संगीतकार की तरह। इसके विपरीत, उन्हें गीत लेखन एक यांत्रिक कार्य लगता था क्योंकि उन्हें पटकथा और निर्देशक की माँगों को पूरा करना होता था। बाद में उन्होंने धन की व्यावहारिक आवश्यकता को स्वीकार किया जो गीत लेखन से आता है और रचनात्मक कार्य पर विचार करने में मदद करता है। उन्होंने 1969 में उर्दू कविता का अपना पहला संग्रह प्रकाशित किया। बचपन की कल्पनाएँ उनकी कविताओं में पुरानी यादों के तत्वों के रूप में लगातार झलकती हैं। उनकी कविताओं में प्रमुख विषय जीवन के अंतर्विरोध, उद्देश्य की खोज, मानवीय रिश्तों की बारीकियाँ, व्यवहार और उपदेश के बीच का अंतर और जो खो गया है उसे ढूँढ़ना हैं।

**सांप्रदायिक सद्भाव में योगदान**

निदा फ़ाज़ली भारत के विभाजन से असहमत थे और उन्होंने सांप्रदायिक दंगों, राजनेताओं और कट्टरवाद के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाई थी। दिसंबर 1992 के दंगों के दौरान सुरक्षा चिंताओं के कारण उन्हें अपने दोस्त के घर में शरण लेनी पड़ी थी।

सांप्रदायिक सद्भाव पर लेखन के लिए उन्हें राष्ट्रीय सद्भाव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने उर्दू, हिंदी और गुजराती में 24 किताबें लिखीं - जिनमें से कुछ महाराष्ट्र में स्कूली पाठ्यपुस्तकों के रूप में दी गई हैं। उनकी कुछ रचनाएँ राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की हिंदी पाठ्यपुस्तकों में भी मौजूद हैं, जिन्हें लाखों छात्र पढ़ते हैं। उन्होंने अपने आत्मकथात्मक उपन्यास दीवारों के बीच के लिए मध्य प्रदेश सरकार से मीर तकी मीर पुरस्कार मिला।

फ़ाज़ली का 8 फ़रवरी 2016 को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनकी मृत्यु के समय उनकी आयु 77 वर्ष थी। उनका निधन ग़ज़ल गायक जगजीत सिंह की 75वीं जयंती पर हुआ, जिनके साथ उन्होंने कई गीतों पर काम किया था।

## 17 अक्टूबर जयंती पर विशेष आलेख....

# आधुनिक भारत के महान समाज सुधारक, शिक्षाविद "सर सैयद अहमद खान"



सर सैयद अहमद खान आधुनिक भारत के महान समाज सुधारक, शिक्षाविद, और विचारक थे, जिनका जन्म 17 अक्टूबर 1817 को दिल्ली में हुआ था और जिनका जीवन मुस्लिम समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने न केवल सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संघर्ष किया, बल्कि शिक्षा और आधुनिक विज्ञान को अपनाने की वकालत भी की। उनके प्रयासों का परिणाम अलीगढ़ आंदोलन, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (AMU) की स्थापना और भारतीय मुस्लिम समाज का पुनर्जागरण रहा।

**प्रारंभिक जीवन और शिक्षा-**

सर सैयद अहमद खान का जन्म दिल्ली में एक संभ्रांत मुस्लिम परिवार में हुआ था, जो मुगल दरबार से जुड़े थे। उनके पिता सैयद मुत्तकी मुहम्मद शाह अकबर सानी के सलाहकार थे। उनको बचपन से ही कुरान, विज्ञान, गणित, चिकित्सा, फारसी, अरबी और उर्दू की शिक्षा मिली। 22 वर्ष की उम्र में पिता के निधन के बाद वे भाई की पत्रिका में संपादक के रूप में कार्यरत हुए, और दिल्ली की पहली उर्दू प्रिंटिंग प्रेस से जुड़े। शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण विषयों की विविधता में दिखाई देता है—उन्होंने एडिनबर्ग विश्वविद्यालय से कानून की मानद उपाधि भी प्राप्त की थी।ब्रिटिश भारत के प्रशासनिक अनुभव अपने परिवार के मुगल दरबार से जुड़े होने के बावजूद, उन्होंने ईस्ट इंडिया कंपनी में क्लर्क और फिर 1841 में मैनपुरी के उप न्यायाधीश के तौर पर सरकारी सेवाओं में प्रवेश लिया। 1857 के विद्रोह के पड़ाव ने सर सैयद के जीवन को बदल दिया। ब्रिटिश नीति की आक्रामकता और मुसलमानों की हार ने उन्हें भारतीय समाज की स्थितियों की गंभीरता समझाई। उन्होंने 'असबाब-ए-बग़ावत-ए-हिंद' नामक पुस्तक लिखकर भारतीय विद्रोह के कारणों को विश्लेषित किया, जिसमें ब्रिटिश प्रशासन की नीतियों की आलोचना की गई। शिक्षा सुधार और वैज्ञानिक चेतनासर सैयद ने मुसलमानों के पिछड़ेपन के मूल में शिक्षा की कमी को पहचाना। उनका मानना था कि मुस्लिम समाज को आधुनिक विज्ञान और अंग्रेजी भाषा अपनानी चाहिए। उन्होंने 1863 में 'साइंटिफिक सोसाइटी' की स्थापना की, जो इंग्लैंड की रॉयल सोसाइटी पर आधारित थी, और वैज्ञानिक ज्ञान का प्रचार-प्रसार किया। मार्च 1866 में 'अलीगढ़ इंस्टिट्यूट गजेट' नामक पत्रिका प्रकाशित की, जिसने मुस्लिम समाज की सोच बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 'तहज़ीबुल अख़्लाक़' नामक पत्रिका से सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाया।

**अलीगढ़ आंदोलन एवं विश्वविद्यालय की स्थापना-**

1875 में उन्होंने 'मुहम्मदन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज' (MAOC) की स्थापना की, जो आगे चलकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रूप में विकसित हुआ। कॉलेज ने मुस्लिम समाज में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का काम किया। अलीगढ़ मूवमेंट ने मुस्लिम जागरूकता, आधुनिकता और प्रगतिशीलता को जन्म दिया, जिसका सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक प्रभाव लंबे समय तक रहा। यही आंदोलन अंततः द्वि-राष्ट्र सिद्धांत और पाकिस्तान के निर्माण के विचार का आधार बना।

**सामाजिक-सांस्कृतिक सुधार-**

सर सैयद ने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, बहुविवाह, बाल विवाह, सती प्रथा, विधवा पुनर्विवाह के विरोध और महिला शिक्षा जैसे विषयों पर खुलकर लिखा। वे हिंदू-मुस्लिम एकता और अंतर-धार्मिक संवाद के पक्षधर थे। कई समाज सुधारक, लेखक और राजनीतिक नेता उनके विचारों से प्रेरित हुए, जैसे मोहम्मद इक़बाल, अबुल कलाम आजाद, शिब्ली नोमानी उनके विचारों में तर्कशीलता, व्यावहारिकता और धर्मनिरपेक्षता की झलक थी।

**सम्मान, विरासत और प्रभाव-**

सर सैयद को ब्रिटिश सरकार द्वारा ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ इंडिया से सम्मानित किया गया। उनकी जन्म जयंती 'सर सैयद डे' के रूप में मनाई जाती है। अलीगढ़ विश्वविद्यालय आज भी उनकी विरासत का प्रतीक है, जिसमें भारत और पाकिस्तान के कई प्रमुख नेता, साहित्यकार एवं विचारक पढ़े हैं। उनके नाम पर आज भी कई शिक्षण संस्थान हैं।सर सैयद अहमद खान ने भारतीय समाज विशेषकर मुस्लिम समुदाय के उत्थान के लिए शिक्षा, वैज्ञानिक सोच, सामाजिक सुधार और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को जीवन में प्राथमिकता दी। उनका योगदान न केवल मुस्लिम समाज को आधुनिकता की ओर ले गया, बल्कि उन्होंने भारत के राष्ट्रीय निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी दूरदृष्टि, संघर्ष और समर्पण आज भी प्रेरणा स्रोत है और उनकी विरासत सदैव अमर रहेगी।

# इस्लामिक दार्शनिक- इब्ने रुश्द





इब्न रुश्द को लैटिन में एवररोज़ भी कहा जाता है, 12वीं सदी के एक इस्लामी दार्शनिक और बहुत विषयों के ज्ञाता थे, जिन्होंने दक्षिणी स्पेन और उत्तरी अफ्रीका में ख़िलाफत के लिए काम किया। उन्होंने पश्चिमी दर्शन, विशेष रूप से अरस्तू के दर्शन का अध्ययन किया और इसे इस्लामी चिंतन पर लागू किया, यह दावा करते हुए कि दोनों संगत हैं।

इब्ने रुश्द का जन्म एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था, जो इस्लामी कानून और विद्या के लिए जाना जाता था। उनके दादा और पिता दोनों कॉर्डोबा (स्पेन) के प्रमुख क़ाज़ी (न्यायाधीश) रहे थे और दादा क़ाज़ी के साथ-साथ अल्मोराविड्स के तहत कॉर्डोबा की महान मस्जिद के इमाम भी थे। इब्ने रुश्द अंदलुस (स्पेन) के इस्लामी "स्वर्ण युग" के सबसे बड़े इस्लामिक दार्शनिकों में से एक दार्शनिक माने जाते हैं। इब्ने रुश्द ने कॉर्डोबा, सेविल, और मारकेश में शिक्षा प्राप्त की और इस्लामी कानून (फ़िक्ह), चिकित्सा, गणित, खगोलशास्त्र, और दर्शनशास्त्र में गहरी रुचि दिखाई। इब्ने रुश्द अरस्तू के विचारों के सबसे बड़े व्याख्याकार बने।

इब्ने रुश्द मध्ययुग के सबसे प्रभावशाली विचारकों में से एक थे, जिन्होंने इस्लामी और पश्चिमी दर्शन के बीच एक सेतु का निर्माण किया। उनके कार्यों ने न केवल इस्लामी दुनिया को प्रभावित किया, बल्कि यूरोपीय पुनर्जागरण और आधुनिक दर्शन के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सन् 1270 और 1277 ईस्वी में कैथोलिक चर्च द्वारा उनके कार्यों की निंदा भी की गई थी। उनकी विरासत आज भी दर्शन, विज्ञान, और चिकित्सा के अध्ययन में जीवित है।

इब्ने रुश्द का पूरा नाम: अबुल वलीद मुहम्मद इब्न अहमद इब्न रुश्द था और उनका जन्म: 1126 ई., कॉर्डोबा (अन्दलुस/स्पेन) में हुआ था। इब्ने रुश्द की मौत 10 ददिसम्बर सन् 1198 ई. मारकेश (मोरक्को) में हुई थी। बाद में उनका जनाज़ा कॉर्डोबा (स्पेन) ले जाया गया।

इब्ने रुश्द ने ग्रीक दार्शनिक अरस्तू की लगभग सभी किताबों की शरह (व्याख्या) की।उन्होंने कोशिश की कि इस्लाम और तर्कशास्त्र को एक-दूसरे के करीब लाया जाए।उनका मानना था कि क़ुरआन तर्क के ख़िलाफ़ नहीं है, बल्कि गहरे स्तर पर दोनों एक ही सच को दर्शाते हैं।

**उनकी प्रसिद्ध किताबें:**

"तहाफ़ुत-ए-तहाफ़ुत" है। यह किताब इमाम ग़ज़ाली की मशहूर किताब "तहाफ़ुतुल फ़लासिफ़ा" का जवाब थी। इमाम ग़ज़ाली ने दार्शनिकों को गुमराह कहा था, इब्ने रुश्द ने उनकी आलोचना का जवाब देते हुए दर्शन की रक्षा की। फिक्ह (क़ानून) के क्षेत्र में उन्होंने अपने सभी पूर्ववर्तियों को पीछे छोड़ दिया, क़ानूनी कार्यप्रणाली, क़ानूनी घोषणाओं, बलिदान और भूमि करों पर लेखन किया। उन्होंने स्वच्छता, विवाह, जिहाद और गैर-मुसलमानों के साथ सरकार की भूमिका जैसे विविध विषयों पर चर्चा भी की।

इब्ने रुश्द मालिकी फ़िक़्ह (मसलक) के विद्वान और बड़े क़ाज़ी रहे। उन्होंने किताब "बिदायतुल मुज्तहिद वा निहायतुल मुक़्तसिद" लिखी, जो मुख़्तलिफ़ फ़िक़्ही मसलों का तुलनात्मक अध्ययन है। इसमें इमाम हनीफ़ा र अ, इमाम मालिक र. अ, इमाम शाफ़ाई र. अ. और इमाम हंबल र. अ. यानि चारों इमामों के मतों की व्याख्या है। उन्होंने क़ानून-फी-तिब्ब, जैसी किताबों पर शरह की और अपनी भी चिकित्सकीय किताबें लिखीं। उनके मेडिकल लेखन यूरोप में लैटिन में अनुवाद हुए और सदियों तक यूनिवर्सिटियों में पढ़ाए जाते रहे। इब्ने रुश्द इस्लामी इतिहास में वह शख़्सियत हैं जिन्होंने: अरस्तू और इस्लाम को जोड़ने की कोशिश की, फ़िक्ह, तिब्ब और दर्शन—तीनों में गहरी छाप छोड़ी और यूरोप में विज्ञान व दर्शन की ज़मीन तैयार की।

-फ़ज़लुर्रहमान

# कौन बनेगा जयपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर शहर कांग्रेस कमेटी को नया जिला अध्यक्ष मिलने की संभावनाएं बढ़ने लगी है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में एक अहम बैठक हुई। जिसमें अध्यक्ष चयन को लेकर गहन मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य रुद्र राजू गिडुगु ने की, जिसमें जयपुर प्रभारी एवं राजाखेड़ा विधानसभा से विधायक रोहित बोहरा और शहर अध्यक्ष आर आर तिवाडी भी शामिल हुए।

**संगठन सर्जन अभियान के तहत हुई बैठक-**

यह बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय व्यापी 'संगठन सर्जन अभियान' के तहत आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करना है। CWC सदस्य गिडुगु ने जयपुर के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर जिला अध्यक्ष पद के लिए संभावित उम्मीदवारों पर फीडबैक और रायशुमारी की। बैठक में सीडब्ल्यू सदस्य ने स्पष्ट किया गया की अध्यक्ष पद के लिए 6 नाम की सूची बनाई जाएगी। जिसमें एक महिला, एक दलित, एक पिछड़ा वर्ग से नाम लिया जाएगा। 6 नाम से तीन नाम सेलेक्ट कर प्रदेश कांग्रेस को भेज दिए जाएंगे। कांग्रेस 'सर्जन संगठन' के नाम पर पार्टी संगठन को मजबूत कर रही है। वर्तमान में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए स्लीपर सेलो को ढूंढा जा रहा है। कुछ ऐसे नेता भी जिला अध्यक्ष बनने की दौड़ में है, जिनका अपने वर्गों में बिल्कुल ही प्रभाव नहीं है। लेकिन ऐसे नेताओं के भाजपा में अच्छे रसूख है। जयपुर जिला अध्यक्ष इस बार किसी दलित, पिछड़े एवं महिला को भी बनाया जा सकता है।

**अध्यक्ष पद के लिए नाम की चर्चा-**

जयपुर जिला अध्यक्ष पद के लिए पूर्वमंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास, सांगानेर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे पुष्पेंद्र भारद्वाज, किशनपोल विधायक अमीन कागजी, प्रदेश कांग्रेस सचिव रूबी खान, समाज सेविका रोमा जैन, गोपाल मीणा, गिर्राज खंडेलवाल, मोहम्मद असगर, इकबाल खान आदि के नाम चर्चा में है। वर्तमान जयपुर जिला अध्यक्ष आर आर तिवाडी 70 वर्ष से ज्यादा उम्र के हो गए हैं और उनकी फील्ड में भाग दौड़ मुश्किल है। इसके अलावा तिवाडी पर कांग्रेस की हवामहल सीट जानबूझकर हारने का भी आरोप है। इसके अलावा अध्यक्ष पद पर रहते हुए उनके पुत्र पर लोगों से मिली भगत का भी आरोप है।

# SMS ट्रॉमा हादसे के बाद एक्शन में विधायक! गणगौरी अस्पताल का किया रियलिटी चेक



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। एसएमएस ट्रॉमा हादसे से सबक लेते हुए हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य ने रविवार 5 अक्टूबर को गणगौरी अस्पताल का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का रियलिटी चेक किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को स्पष्ट चेतावनी दी कि मरीजों की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**अग्निशमन सिस्टम पर रहा विशेष फोकस-**

सवाई मानसिंह (SMS) अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में हुए दर्दनाक अग्निकांड के बाद एक्शन मोड में आए विधायक आचार्य ने गणगौरी अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा किया। उन्होंने विशेष रूप से अस्पताल में लगे अग्निशमन यंत्रों (Fire Extinguishers), फायर अलार्म सिस्टम और आपातकालीन निकास द्वारों की स्थिति की जांच की। उन्होंने उपकरणों के रखरखाव और स्टाफ की ट्रेनिंग के बारे में भी जानकारी ली।

**प्रबंधन को दी सख्त चेतावनी-**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से कहा, "SMS ट्रॉमा सेंटर जैसी लापरवाही यहां नहीं चलेगी। मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इससे कोई समझौता नहीं होगा।" उन्होंने अधिकारियों को सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं को हर समय दुरुस्त रखने और नियमित रूप से मॉक ड्रिल करने के सख्त निर्देश दिए। विधायक के इस औचक दौरे से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया और यह स्पष्ट संकेत है कि अब शहर के अन्य सरकारी अस्पतालों की भी सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन जांच-पड़ताल की जाएगी।

# 2 लाख से अधिक बुजुर्गों की पेंशन रोककर जनता से किया विश्वासघात- आम आदमी पार्टी

## -दीपावली से पहले भाजपा सरकार ने बुझा दिये बुजुर्गों के घरों के दिए




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। आम आदमी पार्टी ने राज्य की भाजपा सरकार पर जनता से विश्वासघात करने और बुजुर्गों की पेंशन रोककर उन्हें आर्थिक अंधकार में धकेलने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जारी आदेश, जिसमें वार्षिक बिजली बिल ₹24,000 या उससे अधिक होने पर पेंशन निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं, गरीबों और बुजुर्गों की गरिमा पर सीधा हमला है। राज्य की रिपोर्ट के अनुसार 3,02,000 पेंशन लाभार्थियों में से 2,05,998 परिवारों के वार्षिक बिजली बिल ₹24,000 से अधिक बताए गए हैं। आम आदमी पार्टी ने सवाल उठाया कि "अगर किसी पेंशनर के नाम पर बिजली कनेक्शन है, लेकिन उसका बिल परिवार का कोई और सदस्य भरता है, तो पेंशनर का क्या दोष? क्या भाजपा सरकार को यह नहीं पता कि आज भी राजस्थान में अधिकांश लोग संयुक्त परिवारों में रहते हैं?" प्रदेश प्रभारी धीरज टोकस ने कहा कि दीपावली के अवसर पर जब सरकार को जरूरतमंदों के घरों में उजाला करना चाहिए था, तब भाजपा सरकार ने पेंशन रोककर उनके घरों के दीए ही बुझा दिए "भाजपा जनता की मदद करने की बजाय उनसे मदद छीन रही है। यह फैसला उन बुजुर्गों और विधवाओं के साथ क्रूर मज़ाक है जो पेंशन के सहारे अपनी जिंदगी चला रहे हैं।" सहप्रभारी घनेंद्र भारद्वाज ने कहा कि भाजपा का झूठ एक बार फिर बेनकाब हुआ है। दिल्ली चुनावों में महिलाओं को ₹2500 मासिक पेंशन देने का वादा किया गया था, लेकिन सत्ता में आते ही वह वादा भुला दिया गया। अब राजस्थान में भी वही धोखा दोहराया जा रहा है।

# रेडियोग्राफर संवर्ग की पदोन्नति होने पर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग का जताया आभार



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में रेडियोग्राफर संवर्ग में रेडियोग्राफर से वरिष्ठ रेडियोग्राफर तथा वरिष्ठ रेडियोग्राफर से अधीक्षक रेडियोग्राफर पद पर पदोन्नति होने पर रेडियोग्राफर सोसायटी राजस्थान के पदाधिकारियों ने पदोन्नति डीपीसी को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा एवं अतिरिक्त निदेशक डॉ. राकेश गोचर का माल्यार्पण कर एवं साफा पहना कर स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। साथ ही साथ रेडियोग्राफर संवर्ग की डीपीसी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी मंत्रालयिक कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया। इस दौरान रेडियोग्राफर संवर्ग की अब तक कंप्लीट हुए डीपीसी के लिए संघटन की और से धन्यवाद ज्ञापित दिया एवं शेष रही सहायक रेडियोग्राफर से रेडियोग्राफर पद पर अधिक से अधिक संख्या में पदोन्नति करने तथा TSP एरिया की लंबित चल रही डीपीसी पूर्ण करने एवं एसटी एससी बेकलोक पदों को भरने तथा प्रदेश में रेडियोग्राफर संवर्ग के स्टाफिंग पैटर्न को संशोधित करते हुए नए पदों के सृजन के लिए भी ज्ञापन दिया। जिस पर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सकारात्मक आश्वासन दिया इस दौरान पदाधिकारियों में वकी अहमद, अनिलकुमार कुमावत, दुर्गेश सैन, महेंद्र मीना, देवनाथ त्यागी, आजम खान, सचिन मीना आदि पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# हेरिटेज निगम क्षेत्र में दीवाली से पहले होगी सफाई व्यवस्था सुदृढ़

## -निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने किया निरीक्षण अधिकारियों को दिए निर्देश



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। हेरिटेज निगम क्षेत्र में दीवाली को लेकर सड़क और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने रविवार को सफाई व्यवस्था को लेकर परकोटे के बाजारों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परकोटे क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का अवलोकन भी किया। निगम आयुक्त ने जौहरी बाजार, घी वालों का रास्ता, बापू बाजार, सांगानेरी गेट, बड़ी चौपड़, किशनपोल बाजार में सड़क पर किए जा रहे पेचवर्क कार्य को देखा, इस दौरान उन्होंने किशनपोल जोन के इंजीनियर विंग को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। वहीं, बाजार में कुछ स्थानों पर ओपन कचरा डिपो को पूर्णतः खत्म करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि शहर में दीवाली को लेकर बाजार सजाए जा रहे है। दूर देश से देशी विदेशी पर्यटक भी शहर का दीदार करने आ रहे है। ऐसे में हेरिटेज निगम की ओर से सभी तैयारियां समय पर कर ली जाएगी। बाजारों में अधिकारियों को निरीक्षण कर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया है। लाइट व्यवस्था, सीवर, सड़क पेचवर्क और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए जोन उपायुक्त को निर्देश दिए है कि वे मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और स्वास्थ्य निरीक्षक को पाबंद करें और समयबद्ध कार्य पूरा करें। इस दौरान अधिशाषी अभियंता हेमाराम ढाका, सहायक अभियंता लक्ष्मी नारायण मीणा, मोहम्मद इमरान सहित अन्य निगम अधिकारी मौजूद रहे।

# लपकों के खिलाफ कार्यवाही, एक गिरफ्तार



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान में भ्रमणार्थ आने वाले देशी/विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद जयपुर शहर है। आगामी त्यौंहारों, दिपावली, नववर्ष आदि की छुट्टियों में भारी तादाद में पर्यटक आने के कारण उनकी सुरक्षार्थ एवं सुगम पर्यटन व्यवस्था करने एवं अवैध गाईडों के खिलाफ कार्यवाही के लिए निर्देश प्रदान किये गये। निर्देशों की पालना में हरिओम सिंह उपनिरीक्षक के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा जयपुर शहर के प्रमुख पर्यटक स्थलों के आसपास डिकॉय आपरेशन कर 01 अवैध गाईड (लपका) के विरुद्द राजस्थान पर्यटन व्यवसाय (सुकरकरण और विनियमन) अधिनियम 2010 (संशोधन) अधिनियम 2021 के तहत प्रकरण पंजीबद्व कर कार्यवाही की गई। अब तक उक्त अभियान के दौरान 13 अवैध गाईड्स (लपकों) की गिरफ्तारी की जा चुकी है। पर्यटन पुलिस थाना द्वारा पर्यटकों की सुरक्षार्थ एवं सुगम पर्यटन के मध्यनजर अवैध गाईड्स (लपकों) के विरुद्द अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

# महर्षि वाल्मिकी जयंती पर जयपुर में निकली भव्य शोभायात्रा



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। रामायण के रचयिता आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर रविवार को जयपुर में श्रद्धा और भक्ति का संगम देखने को मिला। सर्व समाज की ओर से आयोजित विशाल शोभायात्रा और वाहन रैली में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े, जिससे पूरा शहर वाल्मीकि जी के जयकारों से गूंज उठा। यह भव्य शोभायात्रा सुबह चौगान स्टेडियम से पूरे विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई। यात्रा में महर्षि वाल्मीकि के जीवन और रामायण के प्रसंगों को दर्शाती कई मनमोहक झांकियां शामिल थीं, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी, जहां रास्ते में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर इसका स्वागत किया। वाहन रैली में शामिल युवा भगवा ध्वज लहराते और जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा का समापन आमेर रोड स्थित वाल्मीकि भवन में महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस आयोजन ने जयपुर में संस्कार, श्रद्धा और संस्कृति का एक अनूठा संगम प्रस्तुत किया, जो आदिकवि के प्रति समाज की गहरी आस्था को दर्शाता है।

# घाटगेट में फिर गूंजा एक ही नाम- जनता ने दोहराया भरोसा, अलीमुद्दीन फिर से अध्यक्ष

## -जनादेश ने बोल दिया फैसला- घाटगेट में फिर वही कप्तान बना

## -घाटगेट की गलियों में जश्न का माहौल- समर्थकों में जीत का उत्साह



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर के ऐतिहासिक चारदीवारी इलाके के प्रमुख बाज़ारों में से एक घाटगेट बाजार में रविवार को हुआ लोकतंत्र का उत्सव! व्यापारियों ने अपने प्रतिनिधि चुनने के लिए भारी उत्साह के साथ मतदान किया। घाटगेट बाजार व्यापार मंडल के चुनाव में इस बार 6 प्रत्याशियों ने मैदान में उतरकर अपनी किस्मत आजमाई। इस मुकाबले के बीच अलीमुद्दीन उर्फ कल्लू ने अध्यक्ष पद पर शानदार जीत दर्ज की, वहीं उनके पैनल के साथी — फैजान खान बने महामंत्री और सलिल खंडेलवाल बने कोषाध्यक्ष। हर 3 वर्ष में होने वाला यह चुनाव इस बार भी पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। व्यापारियों में पूरे दिन गहमागहमी और जोश देखने को मिला। अध्यक्ष पद प्रत्याशी जाकिर हुसैन कहा "मैं हार के बाद भी व्यापारियों का सेवक बनकर रहूंगा। यह मेरे जीवन का पहला अनुभव था। शायद मैं 33 व्यापारियों का दिल नहीं जीत पाया, लेकिन मुझे विश्वास है — कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। मैं नव नियुक्त अध्यक्ष अलीमुद्दीन को दिल से बधाई देता हूँ।"

घाटगेट बाजार में नए व्यापार मंडल के गठन के साथ एक नई शुरुआत हो गयी है। अब देखना होगा कि अलीमुद्दीन उर्फ कल्लू की टीम व्यापारियों की उम्मीदों पर कितना खरा उतरती है। उनके कंधों पर व्यापारियों ने फिर से बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

# जयपुर पुलिस मुख्यालय में प्रदर्शनी में दिखी न्याय प्रणाली की नई सोच



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भारत की न्याय प्रणाली में हुए ऐतिहासिक बदलाव और 'दंड' से 'न्याय' की ओर बढ़ते कदमों का जश्न शनिवार को जयपुर स्थित पुलिस मुख्यालय (PHQ) में मनाया गया। नए आपराधिक कानूनों—भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023—के एक वर्ष पूरे होने पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (DGP) राजीव शर्मा और मुख्य सचिव (CS) सुधांश पंत सहित राज्य के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और नए कानूनों के सकारात्मक प्रभाव की सराहना की। प्रदर्शनी में यह दर्शाया गया कि कैसे इन नए कानूनों ने 160 साल पुरानी औपनिवेशिक प्रणाली को बदलकर न्याय का स्वरूप बदल दिया है। इसमें तकनीक के उपयोग, समयबद्ध जांच और पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण जैसी नई सोच को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। DGP राजीव शर्मा ने कहा कि यह नए कानून पुलिस को अधिक जवाबदेह और जनता के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। वहीं, मुख्य सचिव सुधांश पंत ने इसे भारत के कानूनी इतिहास में एक मील का पत्थर बताया, जो सच्चे अर्थों में न्याय को सुलभ बना रहा है।

# एच एस मनोज स्वामी को संजय सर्किल थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) करण शर्मा IPS ने बताया कि एक महिला परिवादिया दिनांक 17 सितम्बर 2025 को देवली टोंक से जयपुर आई थी जो सिंधी कैम्प बस स्टेण्ड से उतरकर समय लगभग 10.45 AM पर सिंधी कैम्प के बाहर आ कर बेट्री रिक्शे में बैठकर चॉदपोल के लिए जा रही थी, तो पीछे से एक ओरेन्ज कलर की स्कुटी पर सवार एक शख्स परिवादिया के हाथ से पर्स छिनकर भाग गया था। जिस संबंध में पुलिस थाना संजय सर्किल पर एफआईआर नम्बर 158/25 धारा 304 (2) BNS में दर्ज कर माल मुलजिमान की पतारसी हेतु सहायक पुलिस आयुक्त वृत्त कोतवाली जयपुर उत्तर अनुप सिंह RPS के निर्देशन में उमेश बेनीवाल पु०नि० थानाधिकारी संजय सर्किल के नेतृत्व में टीमें गठित की गई। गठित टीमों द्वारा परिवादिया द्वारा मुलजिम व दुपहिया वाहन के बताये हुलिये के आधार पर घटनास्थल व आसपास के दर्जनों सीसीटीवी विश्लेषण व तकनीकी आधार पर स्नैचिंग करने वाले मुलजिम व वाहन को चिन्हित कर मुलजिम मनोज स्वामी उर्फ मन्नु पुत्र स्व. महेश कुमार उम्र 25 साल निवासी म.न. 177, स्वामी बस्ती, पारीक कोलेज के पास, कान्तिचन्द्र रोड जयपुर को थाना संजय सर्किल के उपरोक्त प्रकरण में स्नैचिंग किये पर्स मोबाइल सहित दिनांक 09.10.2025 को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की है। साथ ही मुलजिम द्वारा वारदात में प्रयुक्त स्कूटी रजि० न० RJ 60 SS 5207 भी गिरफतारशुदा मुलजिम के कब्जे से बरामद की गई है। गिरफतारशुदा मुलजिम शातिर किस्म का स्नैचर है जिसके खिलाफ पूर्व से एक दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज है एवं उक्त मुलजिम पुलिस थाना सिंधी कैम्प का सक्रिय एचएस अपराधी है। जो अन्य जगहों से जयपुर सिंधी कैंप बस स्टेंड पर आने वालें यात्रियों को निशाना बनाता है, जिससे स्नैचिंग की अन्य वारदातों के संबंध में गहन अनुसंधान जारी है।

# 10 करोड़ के फर्जीवाड़े का भंडाफोड़, 9 साजिशकर्ता गिरफ्तार



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी और करोड़ों की ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (साइबर क्राइम) राजर्षि राज वर्मा के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में करीब 10 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। यह गिरोह पत्रकार कॉलोनी और श्यामनगर इलाके से अपना नेटवर्क चला रहा था।

**किराये के बैंक खातों से देशभर में ठगी-**

डीसीपी राजर्षि राज ने बताया कि यह गिरोह देशभर के 30 से अधिक राज्यों में सक्रिय था। आरोपी भोले-भाले लोगों से किराये पर बैंक खाते लेते थे और फिर उन खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन सट्टे और अन्य साइबर ठगी के पैसों के लेनदेन के लिए करते थे। इन खातों के खिलाफ देशभर से शिकायतें दर्ज थीं।

**170 जगहों पर छापेमारी, भारी मात्रा में सामान जब्त-**

इस बड़े ऑपरेशन के लिए साइबर सेल ने 170 बिंदुओं पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान 6 अन्य संदिग्धों को भी हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है, जिसमें शामिल हैं: 56 एटीएम कार्ड, 32 मोबाइल फोन, 8 चेकबुक,फर्जी कंपनियों की मुहरें और दस्तावेज पुलिस ने बताया कि पिछले एक साल में जयपुर साइबर सेल ने 8 करोड़ रुपये से अधिक की डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपियों से अब उनके नेटवर्क के अन्य सदस्यों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# सड़क किनारे मरे जानवर डाले और पत्थर डालकर अतिक्रमण किया



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जमवा रामगढ़ रोड सायपुरा पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे पत्थर डालकर अतिक्रमण एवं मरे हुए जानवर डालने से फैली हुई दुर्गंध से आसपास के दुकानदार, निवासी एवं राहगीर परेशान हो रहे है। परेशान लोगों ने बताया कि कुछ लोग ट्रेक्टर-ट्रॉली भरकर पत्थर पहाड़ों से लाते है और सड़क किनारे खालीकर देते है। बाद में इनको बेचते रहते है। इसी तरह कुछ लोग यहां सड़क किनारे मरे हुए जानवर फैक कर चले जाते है। मरे जानवरों की दुर्गंध से यहां के दुकानदार, निवासी और राहगीर परेशान होते हुए भी कुछ नही कर पा रहें है। ग्राम पंचायत और नगर निगम हेरिटेज के अधिकारी शिकायत करने के बाद भी ध्यान नहीं दे रहें है। दूसरी तरफ यहां के लोगों का रहना मुश्किल हो रहा है।

**रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका**

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।

-संपादक

Scan Here

# अंजुमन सदर के जन्मदिन पर एडवोकेट फिरोज खान ने किया इस्तकबाल

बारां (रॉयल पत्रिका)। मदरसा अंजुमन इस्लामियां बारां के सदर माजिद सलीम का जन्मदिन एडवोकेट फिरोज खान द्वारा अपने निजी आवास पर शनिवार 11 अक्टूबर को केक काटकर, माला पहनाकर, बुके देकर व मुंह मीठा करवाकर मनाया गया। इस अवसर पर अंजुमन सदर माजिद सलीम ने कहा कि ये उम्र जन्मदिन मनाने की नहीं है फिर भी आप जैसे भाइयों के प्यार व अपनेपन की वजह से आज ये दिन यादगार हो गया। एडवोकेट फिरोज खान ने कहा कि मेल-मिलाप से दूरियां घटती हैं और आपसी मोहब्बत बढ़ती है, इसी लिए सदर साहब सहित सभी करीबियों को इस खुशी के मौके पर याद किया गया। इस अवसर पर अंजुमन के नायब सदर जाकिर मंसूरी, वक्फ बोर्ड कमेटी बारां के चेयरमैन इरफान अंसारी, अल्पसंख्यक कांग्रेस इकबाल नेता, मोहम्मद शरीफ (मुन्ना टेलर), माशूक अली चिश्ती, उमर फारूक, पार्षद परवेज



जिलाध्यक्ष शाहिद कुंडी, एडवोकेट जलीलुर्रहमान, एडवोकेट रईस हाशमी, समाजसेवी शेख बहादुर, मोहम्मद जफर, डॉ. वसीम अहमद शाह, मास्टर शाहिद हुसैन, खान, रशीद लोढ़ी, इरफान खान अशरफी, युवा व्यवसाई वाजिद सलीम, इशरत खान, लकी अली मस्तान सहित कई लोग मौजूद रहे।

# अंता विधानसभा उपचुनाव 2025 :

## जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मांगरोल क्षेत्र के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**शब्बीर हुसैन**

बारां (रॉयल पत्रिका)। आगामी अंता विधानसभा उपचुनाव-2025 के तहत 11 नवम्बर को होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार 12 अक्टूबर को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने मांगरोल क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कोयला, भटवाड़ा मऊ, बमोरी कला सहित आसपास के अन्य मतदान केंद्रों पर पहुंचकर सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान दलों की आवाजाही, विद्युत एवं संचार व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी तोमर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, रैम्प, प्रकाश, छाया तथा साफ-सफाई जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं, ताकि मतदान



दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एसडीएम विश्वजीत सिंह, एसडीएम हवाई सिंह यादव, तहसीलदार, बीएलओ तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर मतदान केंद्रों की लोकेशन, सुरक्षा घेरा एवं पहुंच मार्ग का भी जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपचुनाव के दौरान शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित मतदान के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर आमजन से भी संवाद किया और उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिकाधिक भागीदारी की अपील की।

# डॉ. मजीद मलिक कमाण्डो का प्रदेश प्रवक्ता बनने पर किया स्वागत



किशनगंज (रॉयल पत्रिका)। बारां मौलाना आजाद मानव सेवा संस्थान परिवार के तत्वावधान में भारत माता कॉलेज के निदेशक डॉक्टर मजीद मलिक कमाण्डो को राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किये जाने पर मौलाना आजाद परिवार के अध्यक्ष शेख बहादुर अली, अब्दुल वहीद, मुन्ना मास्टर, इदरीस अली मेव, नासिर हुसैन मेव, इजहार अहमद मेव ने फूल मालाओं से स्वागत कर मुबारकबाद देकर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व भारत माता कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. अरमान मलिक भी उपस्थित रहे।

# 50 जोड़ों का नि:शुल्क चौथा अहले मुस्लिम सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया

**फिरोज खांन वारसी**

झालावाड़ (रॉयल पत्रिका)। अहले सुन्नत वल जमात अंजुमन कमेटी झालरापाटन के जेरे एहतमाम 50 जोड़ों का निशुल्क चौथा अहले मुस्लिम सामूहिक विवाह सम्मेलन सदर हाजी मुमताज अली, सा अंजुमन सदर हाजी याकूब खान साहब कि सदारत में 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया। अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मुकीम अब्बासी ने भी परिवार की मुखिया महारानी वसुंधरा राजे जी वे झालावाड़ बांरा सांसद दुष्यंत सिंह जी के प्रतिनिधि के रूप में मेहमाने खुसूसी के तौर पर सम्मेलन में शिरकत की। वह महारानी वसुंधरा राजे का संदेश पढ़कर सबको सुनाया। झालरापाटन अंजुमन कमेटी सहित सम्मेलन में लगे सभी लोगों को शानदार आयोजन के लिए मुबारकबाद पेश कर सभी को धन्यवाद दिया। अपने जीवन की नई शुरुआत करने वाले 50



जोड़ो को खुशहाल जीवन जीने की शुभकामनाएं, मुबारकबाद भी पेश की। सम्मेलन सदर हाजी मुमताज अली साहब, अंजुमन सदर हाजी याकूब खान साहब ने मुकीम अब्बासी का मंच पर माला पहनकर स्वागत कर प्रशंसी पत्र मोमेंट देकर सम्मानित किया। इस मुबारक मौके पर साथ में फईम खान, अमीन खान, हाजी निजाम चौधरी, ईदगाह सदर शराफ़त अली अब्बू, इरफान पठान, नादिर खान सहित शहर के मोतबीर लोग मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय मनो स्वास्थ्य दिवस पर चिकित्सा कैम्प का आयोजन

बारां (रॉयल पत्रिका)। अंतर्राष्ट्रीय मनो स्वास्थ्य दिवस पर इन्हरव्हील क्लब द्वारा मानसिक विमंदित बच्चों के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे क्लब अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने बताया कि बारां जिले मे मानसिक विमंदित बच्चों के लिए संचालित गृह मे क्लब द्वारा स्वास्थ्य जॉच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे लगभग 60 बच्चों का स्वास्थ्य जांचा एवं उनको आवश्य परामर्श एवं दवाईयॉ का वितरण किया गया । क्लब सचिव सीमा सिंह ने बताया कि इस शिविर मे डॉ. मणी गोयल (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. बृजेश गोयल (कान नाक गला विशेषज्ञ) तथा डॉ. लक्ष्य नागर (फिजिशियन) ने अपनी सेवाएँ प्रदान की। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों, कॉलेज विधार्थीयों एवं स्टाफ को सम्बोधित करते हुए क्लब अध्यक्ष ने कहा कि मानसिक रूप से विमंदित बच्चो को भी विशेष शिक्षा एवं देखभाल के माध्यम से समाज की मुख्य धारा से जोडा जा सकता है। उन्होने इन बच्चो के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से इनकी मनो स्थिती मे सुधार के बारे मे कहा। उन्होने कहा कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति





जागरूकता बढ़ानाए ज्ञान में वृद्धि करना और प्रयासों को गति प्रदान करना है। उन्होने कहा कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 मे इस वर्ष का विषय मानवीय आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य है। कार्यक्रम मे क्लब कोषाध्यक्ष मंजू बंसल ने कहा कि विशेष योग्यजन बच्चों (विशेष आवश्यकता वाले बालक बालिकाओं) को मुख्यधारा मे समायोजन, समाज मे इनके प्रति सकरात्मक सोच का निर्माण, भेदभाव को रोकने, इनके अधिकारों एवं क्षमताओं के बारे मे जागरूकता उत्पन्न करने के उदेश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। बच्चो ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी कला का परिचय किया। कार्यक्रम मे विषय विशेषज्ञ अजीत कुमार ने बताया कि मानसिक विमंदित बच्चो के बीच उपस्थित रहकर उनके साथ वार्तालाप करने एवं उनका मार्गदर्शन करने से बच्चो को प्रेरणा मिलती है। नर्सिंग स्टाफ जगदीश मीणा ने बच्चों को आवश्यक दवाईयॉ वितरित की। कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों ने बच्चो को कैरी बैग व फ्रूट वितरित किये, चिकित्सकों का सम्मान किया तथा दिपावली की शुभकामनाएँ प्रदान की। कार्यक्रम मे विमदिंत गृह के अजय कुमार ने अतिथियो का धन्यवाद प्रदान किया।

# मुंशी अब्दुल रज़्ज़ाक एडवोकेट की 63 वीं बरसी पर पेश की खिराजे अकीदत

बारां (रॉयल पत्रिका)। कोटा रियासत के मशहूर खिदमतगुजार हाजी मुल्ला मोहम्मद इस्माइल साहब जो की कौमी सामाजिक दीनी कामो का अपने दिल में बहुत जज़्बा रखते थे उनके घर में अब्दुल रजाक साहब की पैदाइश हुई। अब्दुल रजाक साहब ने अपनी आला तालीम कोटा में रह कर प्राप्त की और वकील बने आप भी अपने वालिद की तरह कौम की सेवा का बहुत जज़्बा रखते थे। आप ने कोटा रियासत के छोटे से कस्बे बारां में आ कर वकालत चालू की और समाज की सेवा में लग गए। आप जानते थे कि इल्म के बिना कोई समाज उन्नति नही कर सकता है। इसी को ध्यान में रख कर आप ने अपने साथियों के साथ मिलकर 1932 मे मदरसा अंजुमन इस्लामिया बारां की बुनियाद रखी व इसको अपने कब्जे में नही रखते हुए बारां के हर घर को जोड़ते हुए घर-घर एक-एक मुट्ठी आटा व जलसे में चंदा लेना चालू किया व सभी मुस्लिम पंचायत के मेम्बरो को जोड़ कर इसको लोकतांत्रिक तरीके से चलाया और इसकी आमदनी के लिए अपनी काफी जमीन अंजुमन में दी जिस कारण आज भी मदरसे में बच्चौ से नाम मात्र फीस ली जाती है। अंजुमन मैरीज हाल बन सका आज यह मदरसा मोहम्मद अशफाक भाईजान सीनियर सेकेंडरी स्कूल तक बढ़ चुका है। आपने मदरसा समाज के हवाले कर दिया केवल



मदरसे की वक्त जरूरत इमदाद के लिए जलसे में झोली फैला कर चंदा लेने का काम अपने पास रखा व आप के बाद आपके बड़े बेटे मोहम्मद इस्हाक भाईजान एडवोकेट फिर छोटे बेटे मोहम्मद अशफाक भाईजान एडवोकेट फिर उनके बेटे एडवोकेट नवीद अशफाक रज़ा भाईजान ने झोली फैला कर चंदा लेने के काम को बखूबी निभाया, मोहम्मद इस्हाक भाईजान एडवोकेट के बेटे मोहम्मद आफाक भाईजान एडवोकेट ने अंजुमन सदर के तौर पर लंबे समय अपनी बेहतरीन खिदमत दी। आप ने कोटा पुराना मोटर स्टेण्ड चौराहा पर एक मस्जिद भी बनवाई जिसको 1990 के करीब आप के बेटे मोहम्मद अशफाक भाईजान ने किरायदारों से खाली करवा कर आबाद की व उसको भी समाज के हवाले कर दिया जिसमें आज लगातार जुमे व रमजान में तरावीह की नमाज़ भी होती है व यह सब की मदद से पहले से काफी बड़ी मस्जिद बन चुकी है। मुंशी अब्दुल रजाक एडवोकेट साहब व उनके परिवार ने जो समाज को दिया वह बेमिसाल है उनकी कोई होड़ नही कर सकता है। मौत एक सच्चाई है एक दिन सभी को जाना होगा 7 अक्टूबर 1962 को मुंशी अब्दुल रजाक एडवोकेट साहब दुनिया छोड़ कर चले गए लेकिन उनके काम आज भी जिंदा है समाज उनका एहसास कभी नही चुका सकता, हम उनके बताये रास्ते पर चले मदरसे को सीनियर सेकेंडरी तक तो ले गए लेकिन वह काफी नही है वहां सीनियर सेकेंडरी के अन्य विषय भी चालू हो व स्कूल से कालेज तक बन जाए जिससे हमारे बच्चों को बहुत नाम मात्र फीस में उच्च शिक्षा मिल सके वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर बड़े पदो पर काम कर समाज का घर परिवार का नाम रोशन कर सके यह मुंशी अब्दुल रजाक एडवोकेट साहब को सही तौर पर श्रद्धांजलि होगी। खिराजे अकीदत के दौरान ये रहे मौजूद:- मरहूम मुंशी अब्दुल रजाक साहब की 63 वीं बरसी के मौके पर मदरसा अंजुमन इस्लामियां कमेटी के पदाधिकारी ओर स्टॉफ के लोगों ने कब्रिस्तान क्लाडिया में पहुंच कर दुआएं मगफिरत की। इस दौरान नायब सदर जाकिर मंसूरी, सेकेट्री मोहम्मद आसिफ भाईजान, प्रोग्राम कन्वीनर इकबाल नेता, सदस्य शाहिद कुंडी, मोहतमिम अब्दुल कय्यूम, नासिर खान बंटी, वाईस प्रिंसिपल मोहम्मद आबिद देशवाली, जाहिद खान सहित बड़ी संख्या में स्टॉफ मौजूद रहा।

# कांग्रेस में शुरू हुई झालावाड़ जिला अध्यक्ष की दौड़

## -कई दिग्गजों के नाम आए सामने

झालावाड़ (रॉयल पत्रिका)। झालावाड़ कांग्रेस जिलाध्यक्ष की दौड़ में यह नेता शामिल है। यह कार्यकर्ताओं में चर्चा का विषय बने हुए। झालावाड़ जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता भी इस बार यह चाहते है कि हमारी आत्मा बोले वहीं जिलाध्यक्ष बने। वह कार्यकर्ताओं का आपस में मंथन जारी है। जिसमें 1. मीनाक्षी चंद्रावत पूर्व विधायक खानपुर 2. सुरेश गुर्जर विधायक खानपुर 3, विरेन्द्र सिंह झाला नेता बना 4. आमिर खान पूर्व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष 5. शैलेन्द्र यादव उर्फ कालू चाचा 6. विष्णु पाटीदार के नामों पर चर्चा हो रही है। आला कमान भी इस बार नया चेहरा दे सकता है। वह जो भी उम्मीदवार जिलाध्यक्ष के है उनके पास एक ही पद रहे उसको मौका दे सकती है। वह पुराने बने हुए पूर्व में जिलाध्यक्षों पर विचार नहीं किया जा रहा है। ओर झालावाड़ जिला महिला रिजर्वेशन में भी जा सकता है। जानकार सूत्रों से पता चला है, दिल्ली से किसी बड़े कांग्रेस लीडर द्वारा भेरूसिंह परिहार को भी झालावाड़ जिलाध्यक्ष के उम्मीदवार के लिए आवेदन करने की बात सामने आ रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर "रन फॉर वोट" मैराथन का आयोजन

## -अंता में बालिकाओं ने दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

**शब्बीर हुसैन**

बारां (रॉयल पत्रिका)। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार 11 अक्टूबर को अंता के सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम में जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत "रन फॉर वोट मैराथन" का आयोजन किया गया। मैराथन का शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु भी मौजूद रहे। उन्होंने उपस्थित जनों से आगामी मतदान दिवस 11 नवंबर को अंता विधानसभा उपचुनाव में शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लेते हुए धर्म, जाति, वर्ग, भाषा अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बालिकाओं का सक्रिय योगदान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बालिकाओं से आह्वान किया कि वे आत्मनिर्भर



बनें, शिक्षा को अपनी प्राथमिकता रखें और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। सुबह 7:30 बजे शुरू हुई इस मैराथन में लगभग 1200 प्रतिभागियों, विशेष रूप से बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने 5 किलोमीटर की दूरी पूरी कर मतदाताओं को "वोट अवश्य करें" का संदेश दिया। मैराथन उपखंड अधिकारी कार्यालय से प्रारंभ होकर सीसवाली तिराहे से होते हुए स्टेडियम में समापन हुआ। सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि यह आयोजन मतदाता जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण है, इसके माध्यम से मतदाताओं का मतदान के प्रति उत्साह उत्पन्न किया जा रहा है। इस अवसर पर एएसपी राजेश चौधरी, एसीईओ हरीश चन्द मीणा, उपखंड अधिकारी हवाई सिंह यादव, सहायक निदेशक सतीश परिहार "हमारी लाडो" संस्था की संस्थापक प्रेमलता पूनिया सहित अन्य मौजूद मौजूद रहे।

# झालावाड़ जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में भवानीमण्डी पुलिस की कार्यवाही

**फिरोज खांन वारसी**

झालावाड़ (रॉयल पत्रिका)। पुलिस थाना भवानीमंडी, जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि नशे शराब में होकर वाहन चलाने वाले व सार्वजनिक स्थानों एवं शराब के ठेको के पास शराब पीने वाले व्यकितयों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु सभी धानाधिकारीयो को निर्देशित किया गया था इन्ही निर्देशो की पालना में पुलिस थाना भवानीमण्डी द्वारा दौराने गश्त 08 व्यक्तियो को गिरफ्तार किया जाकर उनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की गई। कार्यवाही पुलिस- जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व चिरजीलाल मीणा अतिरिक्त पुलिस, अधीक्षक झालावाड के निर्देशन मे प्रेमकुमार आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में रमेशचंद मीणा पु.नि. थानाधिकारी थाना भवानीमंडी मय जाप्त द्वारा 11.10.2025 को संध्याकालिन गश्त के दौरान होटल ढाबे, शराब ठेके को चैकिंग करते हुये लगातार गश्त की दौराने चेंकिग व गश्त में शराब ठेको के पास शराब पीने वाले 03 व्यक्तियो व शराब ठेको के पास शराब पीलाने वाले डिसलेरी मैदान शराब ठेका सेल्स मेन पंकज मांडवी रोड शराब ठेका सेल्समेन वशवत गुर्जर एवं डिसलेरी मैदान शराब ठेका संचालक अजय मीणा व नशे शराब में होकर वाहन चलाने वाले 02 व्यक्तियों को उनके कब्जे के वाहन जब्त कर उपरोक्त सभी 08 व्यक्तियो को अलग-अलग धाराओं में गिरफतार किया जाकर पाबंद करवाया गया।

गिरफ्तारशुदा सराब ठेका सेल्समेन-



यशवन्त पुत्र शिवनारायण जाति गुर्जर उम्र 30 साल निवासी सुलिया पुलिस थाना भवानीमंडी जिला झालावाड़,

पंकज कुमार पुत्र कैलाशचंद जाति धोबी उम्र 25 साल निवासी भैसोदामंडी थाना भानपुरा जिला मंदसोर म.प्र

गिरफ्तारशुदा शराब ठेका संचालक-

अजय मीणा पुत्र रामलाल जाति मीणा उम्र 27 साल निवासी टगर मोहल्ला भवानीमंडी जिला झालावाड़

गिरफ्तारशुदा नशे शराब में होकर वाहन चलाने वाले-

अनिल बाधरा पुत्र बाबुलाल जाति धोबी उम्र 28 साल निवासी मैसोदा थाना भानपुरा जिला मंदसौर म.प्र,

ईश्वर पुत्र भैरुलाल जाति धोबी उम्र 22 साल निवासी धोबीखेड़ा थाना मिश्रोली जिला झालावाड़,

गिरफ्तारशुदा शराब ठेके व सावर्जनिक स्थान पर शराब पीने वाले,1. कुलदीप कुमार पुत्र भगवान सिह जाति पासवान उम्र 25 साल निवासी बशीर कोलोनी भवानीमंडी,

अमन कुशवाह पुत्र विजयराम सिह जाति कुशवाह उम्र 19 साल निवासी बिरला ग्राम नागदा म.प्र.,

सुचित शर्मा पुत्र विष्णु प्रसाद जाति ब्राह्मण उम्र 23 साल निवासी कोटडा पुलिस थाना भवानीमंडी जिला झालावाड़

**चेतावनी-**

इलाका थाना भवानीमंडी में संचालित सभी शराब ठेका संचालको व सेल्समेनो को निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में भी कोई शराब ठेका संचालक व सेल्समेन अपने शराब के ठेको के अंदर या आस पास किसी भी व्यक्ति को शराब का सेवन नहीं करायेगा ऐसा पाया जाने पर शराब ठेका संचालक व सेल्समैन के खिलाफ विधिक कानुनी कार्यवाही की जावेगी। इलाका थाना भवानीमंडी में संचालित सभी शराब ठेका संचालको व सेल्समैनो को निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित समय पर ही शराब ठेका संचालन करे निर्धारित समय से पूर्व या बाद में ठेका संचालन होते पाया जाने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जावेगी।

# कोटा-झालावाड़ नेशनल हाइवे-52 पर भीषण जाम

## -दरा में ट्रक खराब होने से वाहनों की लगी लंबीलाइन, दिन-रात लगता रहता है जाम



**डॉ. तोहिद**

सुकेत (रॉयल पत्रिका)। एनएच-52 पर एक बार फिर जाम से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। इस कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़। शनिवार रात से शुरू हुआ यह जाम अलग-अलग स्थानों पर तीन से अधिक ट्रकों के खराब होने के कारण लगा है। दरा घाटी क्षेत्र में एक ट्रक के खराब होने के बाद से ही जाम की स्थिति बननी शुरू हुई और धरि-धीरे कई अन्य वाहनों के खराब होने की भी सूचना मिली। इसके चलते राजमार्ग के दोनों ओर, कोटा से झालावाड़ और झालावाड़ से कोटा जाने वाले रास्ते पर वाहनोंलंबी कतारें लग गई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जाम की स्थिति इतनी गंभीर है कि दिन-रात लगता रहता है जाम। इमरजेंसी के लिए कोई मर्तबा रास्ते में ही एंबुलेंस में पेशेंट की हालत गंभीर हो जाती है। झालावाड़ से कोटा के लिए सीरियस मरीजों स्वर्ग लोक पहुंच जाते हैं। वहीं, दूसरी ओर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से उतरने वाले वाहन अमझार से लेकर भटवाड़ा नयागांव लेन तक पहुंच गए। इससे कई किलोमीटर लंबी लाइनों में वाहन फंसे रहे। दोनों हीं प्रमुख मार्गों पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है, जिससे यात्रियों और वाहन चालकों को समस्या हुई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी यातायात को सुचारू करने के लिए लगातार मशक्कत कर रहे हैं। वे एक-एक तरफ से वाहनों को निकालने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण स्थिति को नियंत्रित करने में काफी समय लगा।

# अलीगढ़ के मुस्तफा खान ने स्केटिंग में दिखाया जलवा, जीते दो स्वर्ण पदक

अलीगढ़। मथुरा रोड स्थित श्री राजेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित 7वीं प्रमोशनल रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता 2025 सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से लगभग 360 खिलाड़ियों ने स्केटिंग टाइम ट्रायल, शॉर्ट रेस और लॉन्ग रेस में हिस्सा लिया। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के ए.बी.के. हाई स्कूल के कक्षा आठ के छात्र और अलीगढ़ स्केटिंग क्लासेज के प्रतिभाशाली नेशनल स्केटर मोहम्मद मुस्तफा खान ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए शॉर्ट रेस और लॉन्ग रेस दोनों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने दो गोल्ड मेडल जीतकर अलीगढ़, उत्तर प्रदेश और देश का नाम गर्व से ऊंचा किया। मुस्तफा की इस उपलब्धि पर ए.बी.के. हाई स्कूल के शिक्षकों, छात्रों और अलीगढ़ स्केटिंग क्लासेज के कोच व खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# मुस्लिम समाज का ऐतिहासिक सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न, 25 जोड़ों ने एक साथ पढ़ी निकाह

## -ओलमाओं ने शादियों में फिजूल खर्ची व गैर शरई काम रोकने पर जोर दिया

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक संस्था मुस्लिम युवा फाउंडेशन समिति पाली की और से पाली में तीसरी बार मात्र एक रुपए में आम मुस्लिम समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 25 जोड़ो का एक साथ निकाह करवाया गया। अध्यक्ष मेहराज अली चूडिगर व संयोजक जाकिर गौरी ने बताया कि यह आयोजन हैदर कॉलोनी स्थित गरीब नवाज तालीमी सोसायटी ग्राउंड में आयोजित किया गया। इस सामूहिक सम्मेलन में दूल्हा-दुल्हन के परिवार वालों से मात्र एक रुपए लेकर निकाह करवाया गया। समिति के प्रवक्ता मोहम्मद खालिद कादरी ने बताया भामाशाहों के सहयोग से समिति द्वारा दुल्हन को 21 घरेलू आइटम गिफ्ट दिए गए। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि मौलाना सय्यद मुहम्मद कादरी साहब जयपुर से तशरीफ लाए तथा पाली के विधायक भीमराज भाटी व प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण व गणमान्य



नागरिक तथा ओलमा हजरात विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। समिति के मीडिया प्रभारी सैयद अबूबकर व सदाकत अंसारी ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन कमेठी के चांद संजरी, शकील नागौरी, जहिर मकरानी, सत्तार पठान, इकबाल मोयल, इंसाफ साता वाले, अरबाज अज्जू, वाहिद अशरफी, परवेज अंसारी, शरीफ भाटी, सलीम फ्रूट वाले, गुड् भाई, फकीर मोहम्मद चढ़वा, यासीन सबावत, अय्यूब सुलेमानी, शाहिद पिन्नू, अनवर हुसैन सोजत, सलीम भाई मुबल्लिग, इकबाल भाटी, फारूक रंगीला, हाजी मोहम्मद सोलंकी, हाफिज तहसीन रजा, गुड् भाई रामपुर वाले, असगर कुरैशी, इस्माइल गौरी, जावेद जिलानी, मकबूल चूड़ीगर, नौशाद केजीएन आदि का सहयोग रहा।

# दुधवाखारा में जन सेवा विकास समिति की बैठक संपन्न

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव में जनसेवा विकास समिति दुधवाखारा की एक बैठक का आयोजन तालाब पायतन पर डॉ. रामावतार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सरपंच प्रतिनिधि देवकरण कस्वां के अलावा बड़ी संख्या में समिति के सदस्यों व गांव के गणमान्य नागरिकों नें भाग लिया। बैठक में जोहड़ पायतन पर स्थित भवन की मरम्मत, जोहड़ के रखरखाव और मरम्मत तथा पशुओं के लिए। खेल और नियमित जल आपूर्ति पर विचार किया गया। बैठक में डॉ. रामावतार शर्मा ने आश्वासन दिया कि सभी मरम्मत कार्यों के लिए वित्तीय सहायता के लिए वह प्रबंध करा देंगे। इसके साथ ही सदस्यों द्वारा सुझाए दिए गए अन्य विषयों पर तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल में निर्मित ग्रामीण लाइब्रेरी शुरू करने गांव से हाइवे तक सड़क की



मरम्मत व उसकी चोड़ाई बढ़ाना, पशुओं के लिए अतिरिक्त एवं खेलों के लिए निर्माण आदि पर भी विचार किया गया। बैठक में डॉ. रामावतार शर्मा ने कहा कि गांव में चल रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम को और सघन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गांव में हर घर में फलदार वृक्ष लगाएं तथा जोहड़ पायतन में निंबू, आंवला, जामुन, सहजन और छायादार वृक्ष लगाएंगे। बैठक में शामिल सभी ग्रामवासियों ने अपने सुझाव दिए। अंत में डॉ. रामावतार शर्मा और सरपंच प्रतिनिधि देवकरण कस्वां नें बटन दबाकर पानी वितरण के लिए लगवाई गई मोटर का शुभारंभ किया। समिति के अध्यक्ष ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर बारी फाउंडेशन ने किए जागरूकता के कार्यक्रम

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर आज बारी



फाउंडेशन ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देना और लोगों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जागरूक करना था।कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में - मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा हुई।

- तनाव प्रबंधन और जागरूकता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा
- बारी फाउंडेशन के प्रयासों को उजागर करना
- मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना

इस मौके पर B.A.R.I. फाउंडेशन की तरफ़ से हसन खान, रिंकू शर्मा और मोहित ने आम युवाओं को इस बारे में चुरू शहर में अनेक जगह पर युवाओं ओर महिलाओं को इस बारे जागृत रहने की जानकारी दी। इस मौके पर यूसुफ खान नारू, उम्मेद खान, अयूब खान, ज़ाकिर खान केके, सिकन्दर खान एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# घाघु के अक्षत को गोल्ड सहित दोहरी सफलता

## -निखिल तीसरे स्थान पर रहे

चूरू (रॉयल पत्रिका)। शहीद राजेश कुमार फगेड़िया राउमावि घांघू के अक्षत नागवाण ने ज़िला स्तरीय ट्रिपल जम्प मंत प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए लंबी कूद में भी सिल्वर मेडल प्राप्त कर दोहरी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक शफी मोहम्मद ने बताया कि राजगढ़ में चल रही 69 वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्यालय के सात सदस्यों का दल भाग ले रहा है। उन्होंने बताया कि अक्षत के अलावा निखिल रेवाड़ ने 5 किमी वॉक में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा अन्य विद्यार्थी भी सराहनीय प्रदर्शन कर रहे हैं उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा तैयार करवाए गए विद्यालय खेल मैदान का छात्रों को भरपूर



लाभ मिल रहा है और भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं आगामी समय में और भी अच्छे खिलाड़ी गांव के विद्यालयों से निकलने की उम्मीद है। अक्षत एवं निखिल की कामयाबी पर ग्राम पंचायत प्रशासक विमला देवी, प्राचार्य प्रताप कुमावत, सामाजिक कार्यकर्ता महावीर नेहरा, बीरबल नोखवाल, केसर देव प्रजापत, रामलाल फगेड़िया, पूर्व एथलीट हरफूल सिंह सहित ग्रामीणों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# हाजी अनवार अली शाह की वफात के बाद दुआएं व कुरान ख्वानी की गई

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय हाजन मस्जिद के पास बठिंडा वाले जिन्देशाह मदार सिल शिले के पीर हाजी अनवार अली शाह के इंतकाल के बाद (वफात) होने पर उनके आस्ताने गद्दी अली मोहम्मद शाह



पर चूरू जिले भर से उनके चाहने वालों ने बैठक (श्रद्धांजलि अर्पित) में मगफिरत के लिए दुवाएं की गई। आस्ताना के सदर ज़ाकिर झारियावाला ने बताया कि पीर हाजी अनवार अली शाह, जिन्देशाह मदारिया गद्दी पर आसीन थे, आपके चाहने वालों देश व प्रदेश ही नहीं विदेशों में उनके मुरीद थे (शिष्य) झारियावाला ने बताया कि रविवार को दुवाएं क़ुरआन खानी की गई जिसमें लंगर में महाराष्ट्र हज कमेटी सदस्य क़ाज़ी शकील उनके मुरीद की तरफ़ से की गई। इस अवसर पर आलिम, मौलाना लियाकत अली, बगड़ दरगाह गद्दी नशीन पीर दीन मोहम्मद शाह, पीर सैयद शाह,बाबा शमशुद्दीन, बाबा मुस्लिम, चमन भींचर, काज़ी अल्ताफ़ हुसैन, काज़ी शकील, कॉम काजियान सदर संजय भाटी, चूरू जिला अंजुमन अल शबाब के अध्यक्ष जमील चौहान, आमीन दिलावर खानी, धोलू, रमजान खान, हिदायत खान, मुंशी खान, मोहम्मद सलीम, चांद नूर खोखर, हाजी फैजलहक, इदरीश खान नारू, एडवोकेट इकबाल, तौफीक, उस्मानगनी खान, कादरी साहब आदि उपस्थित रहे दुवाएं की गई।

# पेरामेडिकल प्रिंसिपल डॉ. जी. एल. डाड को मिला "लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड"

जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान की चिकित्सा और फॉरेंसिक मेडिसिन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विख्यात डॉ. जी. एल. डाड को राजस्थान एकेडमी ऑफ फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी (RAFMT) द्वारा प्रतिष्ठित "लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें RAJFMTCON-25 के अवसर पर व्यास मेडिसिटी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, जोधपुर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में प्रदेशभर के वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षाविद और मेडिकल विशेषज्ञ मौजूद रहे। गीतांजली हॉस्पिटल के पेरामेडिकल प्रिंसिपल डॉ. डाड ने अपने लंबे करियर में मेडिकल एजुकेशन और फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वे अपने उत्कृष्ट ज्ञान, अनुशासन और समर्पण के लिए पूरे देश में सम्मानित नाम हैं।




उनकी सेवाओं ने न केवल अनेक विद्यार्थियों को प्रेरित किया है, बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में शोध और शिक्षा के नए मानक स्थापित किए हैं। राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री माननीय श्री जोगा राम पटेल, विधि, न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्री, डॉ. दीपाली पाठक (आयोजन सचिव) एवं डॉ. पी. सी. व्यास (Organising Chairman, RAJFMTCON-25) ने संयुक्त रूप से यह सम्मान प्रदान किया और कहा कि "डॉ. डाड जैसे वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सा समुदाय के लिए प्रेरणा स्तंभ हैं।" गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल परिवार ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर डॉ. डाड को हार्दिक बधाई दी है और इसे संस्था के लिए सम्मान का विषय बताया है।

# कुरैशी समाज रतनगढ़ का प्रथम ऑल मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

## -200 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

रतनगढ़ (रॉयल पत्रिका)। कुरैशी समाज रतनगढ़ द्वारा आयोजित प्रथम ऑल मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज की 200 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं व 12वीं में 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, हाफ़िज़-ए-कुरान, सरकारी सेवाओं में नव चयनित युवाओं, रतनगढ़



शहर की सभी मस्जिदों के इमामों, चीफ़ शहर काज़ी तथा समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मंचासीन अतिथियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले कार्यकर्ताओं को भी मंच पर बुलाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि:हाजी मकबूल मंडेलिया (प्रदेश अध्यक्ष), मोहम्मद साजिद कुरैशी (प्रदेश सचिव) मुस्तफा कुरैशी (सभापति, नगर पालिका लक्ष्मणगढ़), प्रो. जहांगीर रहमान कुरैशी (प्राचार्य, कुचामन सिटी), रुखसाना कुरैशी (पार्षद, फतेहपुर), हाजी अब्दुल मजीद कुरैशी (अध्यक्ष, कुरैशी समाज रतनगढ़), असगर गोरी (उपाध्यक्ष), डॉ. सैयद मोहम्मद असलम (व्याख्याता, रतनगढ़), डॉ. साजिद गोरी (गोलसर), एवं अमीर साहब मोहम्मद यासीन (पूर्व व्याख्याता) उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन मास्टर असलम खान ने किया।समारोह में समाज के सैकड़ों लोग एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस पूरा प्रोग्राम को संचालन करने वाले युवा जन सेवा समिति की ऑल मेंबर्स थे ।मो इमरान मंडेलिया, अब्दुल सलाम कुरैशी, मो कैफ तग़ाला, मो जैनुल कुरैशी, मो सादिक बेहलीम, इरफान तग़ाला, मो आबिद तग़ाला, मोहम्मद तग़ाला, मुफ्ती इमरान गौरी साहब, सफीक बेहलीम, सैफ तगाला, शाहिद तगाला, जाहिद तगाला, वाहिद तगाला, सफीक तगाला, आतिफ खत्री, सैयद शकील उर रहमान, आकिब तगाला, हाफिज मुस्लिम जिन्दरान।प्रदेश अध्यक्ष हाजी मकबूल मंडेलिया ने अपने उद्बोधन में कहा—हमें अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षित बनाना चाहिए। एक समय आप खाना न खाएं, लेकिन बच्चों को पढ़ाना ज़रूरी है। दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम भी उतनी ही अहम है।"

# सांचौर के बावरला विद्यालय में चैंपियन बालिका टीम का किया स्वागत

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। बावरला राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, सारंगिया नाडी बस्ती विष्णुनगर की बालिकाओं ने संभागीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर वर्ग की जनरल चैंपियनशिप अपने नाम की प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, केरू जोधपुर में 5 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2025 तक हुआ। जिसमें बालिकाओं ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई स्पर्धाओ में शीर्ष स्थान प्राप्त किए। कबड्डी में विजेता,बैडमिंटन में उपविजेता,400 मीटर दौड़ में विजेता एवं उपविजेता,600 मीटर दौड़ में विजेता एवं उपविजेता,4 गुना 100 मीटर रिले दौड़ में उपविजेता रही। साहित्य की प्रतियोगिताओं में भी बालिकाओं ने प्रतिभा दिखाई। संस्कृत वाद विवाद पक्ष में प्रथम स्थान, संस्कृत वाद विवाद विपक्ष में द्वितीय स्थान, अंग्रेजी निबंध में उपविजेता, संस्कृत निबंध में उपविजेता रही। विद्यालय की 12 बालिकाओं का राजकीय स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ। वही कबड्डी का बेस्ट प्लेयर का किताब मनीषा विश्नोई को मिला। विद्यालय लौटने पर बालिकाओं का विद्यालय परिवार एक ग्रामीणों की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संतोष कुमार मीणा, अध्यापक जगदीश चंद्र बिश्नोई, निजी अध्यापिका पप्पू देवी व ग्रामीणों ने दल प्रभावित जगदीश चंद्र बिश्नोई और बालिकाओं का भव्य स्वागत कर अभिनंदन किया।

# मुफ़्ती-ए-आज़म राजस्थान का उर्स देश में अमनों अमान की दुआ के साथ हुआ संपन्न

## -समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शिक्षा और अच्छे अख्लाक जरूरी- कलीम अशरफ

जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। अल इस्हाकिया अल अशफ़ाकिया ट्रस्ट द्वारा हजरत अशफाक हुसैन नईमी रहमतुल्लाह अलेय के 12 वे उर्स के मौके पर मुख्य वक्ता कलीम अशरफ जिलानी और मुफ्ती शमसुद्दीन ने अपनी तकरीर में समाज में बढ़ती कुरीतियों को रोकने का आह्वान किया। समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शिक्षा और अच्छे अख्लाक पर जोर दिया और अवेयरनेस लाने के लिए निरंतर काम करने की जरूरत बताई समाज में बढती फिजूलखर्ची पर अंकुश लगे। इस्लामिक स्कॉलर मोहम्मद सईद नूरी अपने संबोधन में कहा कि मुफ्ती साहब ने हमेशा आवाम की फिक्र की हमें भी समाज में बढ़ती नशाखोरी और बिखरते परिवारों को रोकना हमारी प्राथमिकता देनी चाहिए में समाज के बुद्धिजीवी, शिक्षाविद्, सामाजिक संगठनों से अपील करता हूं कि वह बिखरते परिवारों को बचाने के लिए एकजुट होकर काम करें नशे की आदत आपको और आपके परिवार को सिर्फ कष्ट ही देगी। अल इस्हाकिया अल अस्फाकिया ट्रस्ट के अध्यक्ष हाजी मोइनुद्दीन अशरफी ने कहा कि हजरत का सपना था कि वह राजस्थान में दीनी तालीम की अलख जगाए और उन्होंने अपने पूरे जीवन में इस मिशन को आगे बढ़ाया। हजरत मुफ्ती अशफाक हुसैन नईमी रहमतुल्लाह अलेय का



उर्स सलातो सलाम एवं दुआ के साथ सम्पन हुआ जिसमें तकरीर और लंगर का आयोजन हुआ उर्स मे उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र सहित पूरे राजस्थान के जिलो से जायरीनों ने शिरकत की मंच संचालन मुफ्ती फैयाज अहमद रिज्वी ने किया उर्स की शुरुआत तिलावत-ए-कुरान से हुई और उर्स मे बापू गुलाम हुसैन साहब जिलानी द्वारा देश के अम्लों अमन और युवाओं की तरक्की के लिए दुआ की और उर्स का समापन हुआ। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी साजिद खान ने बताया कि उर्स मुफ्ती-ए-आजम राजस्थान में पीर बापू गुलाम हुसैन जिलानी साहब सुजा शरीफ, मोलाना मुहम्मद कलीम अशरफ जिलानी उत्तर प्रदेश, मोलाना मुहम्मद सईद नूरी मुम्बई, मौलाना शमसुद्दीन मकराना, मौलाना तौसीफ रजा, डॉ. हफिजुर रहमान दिल्ली,शौकत खान, इस्माइल बैग, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद सद्दीक राजू, परवेज खान, मोहम्मद इरफान कुरैशी, रसूल बख्श, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद जाकिर, मौलाना रज्जब अली, नियामत पठान, फजलुद्दीन छिपा, सद्दीक राजु, समाजसेवी जावेद हुसैन, नियामत पठान, नसीम अली, आरिफ मारसाब, उमर गोल्डन, साजिद आदिल, मोहम्मद जाकिर, मोबिन कादरी, जावेद जाय, साबिर ली, वसीम आफरिदी, मुख्तियार चिश्ती, फजलुद्दीन,पप्पू खान, हबीब खान, मुश्ताक अहमद, शोएब, साबिर हुसैन, मोहम्मद साजिद, आसिफ नूरी, इमरान कुरैशी, जुल्फिकार, रमजान अली सहित हजारों समाजसेवी, शिक्षाविद्, मुरीद ओर अकीदतमंद उपस्थित रहे।

# हिन्दुस्तान जिंक की जावर ग्रुप ऑफ माइंस में सुरक्षा और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला आयोजित

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। हिन्दस्तान जिंक की जावर ग्रुप ऑफ माइंस ने खान सुरक्षा महानिदेशालय के तत्वावधान में, जावर माइंस के एक्जीक्यूटिव क्लब में हैवी अर्थ मूविंग मशीनरी में तकनीकी प्रगति पर कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में डीजीएमएस के अधिकारी, ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर पार्टनर, और हिन्दस्तान जिंक की तकनीकी टीमों ने खनन में नवाचार, सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता पर गहन चर्चा, प्रस्तुतियों और इंटरैक्टिव सत्रों में भाग लिया। कार्यशाला में डीडीजी-डीजीएमएस आर. टी. मंडेकर, डीएमएस-डीजीएमएस जे. पी. वर्मा, डीएमएस-डीजीएमएस संदीप श्रीवास्तव,, डीएमएस-डीजीएमएस विनोद राजक, डीएमएस-डीजीएमएस टॉम मैथ्यू, डीडीएमएस-डीजीएमएस संकेत कुमार, डीडीएमएस-डीजीएमएस समीर सौरभ, डीडीएमएस-डीजीएमएस के. विजय कुमार और तम्मल्ला वासु, हिन्दस्तान जिंक के सीओओ किशोर एस और आईबीयू सीईओ जावर अंशुल कुमार खंडेलवाल उपस्थित थे। कार्यशाला के



दौरान, प्रतिभागियों ने हैवी अर्थ मूविंग मशीनरी सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने, ओईएम रखरखाव की सर्वोत्तम प्रथाओं, टकराव से बचने वाले सिस्टम को अपनाने, और भूमिगत खनन उपकरणों में स्वचालन और डिजिटल तकनीकों को शामिल करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। सत्रों में नियामक अनुपालन, डीजीएमएस अनुमोदन प्रक्रियाओं, और विश्व स्तरीय परिचालन प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा तंत्र के मानकीकरण को भी शामिल किया गया। यह कार्यशाला तकनीकी इनोवेशन, परिचालन उत्कृष्टता और सर्वोच्च सुरक्षा मानकों के प्रति हिन्दस्तान जिंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जानकारी का आदान प्रदान करने और सहयोग को बढ़ावा देकर, यह पहल कंपनी के सुरक्षित, कुशल और स्थायी खनन कार्यों के प्रति समर्पण को मजबूत करती है।

# लघु उद्योग भारती का शिष्ट मंडल रीको क्षेत्रीय प्रबंधक से मिला एवं औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बताया

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर लघु उद्योग भारती चूरू का एक शिष्टमंडल इकाई अध्यक्ष सुभाष जांगिड के नेतृत्व में रीको के क्षेत्रिय प्रबन्धक यशपाल सिंह से मिला जिले की औद्योगिक क्षेत्र में उत्पन्न सभी समस्याओं का तुरन्त निवारण हेतु आग्रह किया गया यशपाल सिंह ने सभी समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करने का भरोसा दिलाया साथ ही चूरू औद्योगिक क्षेत्र जो पिछले एक वर्ष से रात को अंधेरे में डूबा हुआ है बार बार आग्रह पर भी रीको के अधिकारियों पर कोई असर नहीं हो रहा हैंआज इस बाबत रीको के हेड ऑफ़िस जयपुर में उच्च अधिकारी से बात की गई और रोड लाइट के विषय की गंभीरता से अवगत कराया गया उन्होंने तीन दिन के अंदर अंदर पूरे क्षेत्र की लाइट चालू करवाने का भरोसा दिलाया है शिष्टमण्डल में संगठन के कोषाध्यक्ष तनेश सैनी, मुरारी सैनी ,रुक्मानन्द जांगिड, मुरलीधर सैनी और पंकज जांगिड आदि उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड पेलिएटिव केयर डे पर गीतांजली हॉस्पिटल में विशेष आयोजन

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली हॉस्पिटल के कैंसर विभाग के पेन एंड पेलियेटिव केयर विभाग की ओर से आज वर्ल्ड पेलिएटिव केयर डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग की एचओडी डॉ. सीमा परतानी एवं डॉ. नवीन पाटीदार सहित कैंसर विभाग के सभी डॉक्टरों, स्टाफ सदस्यों, रोगियों एवं उनके अटेंडेंट्स ने उत्साहपूर्वक



भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान केक कटिंग कर सभी ने इस दिवस को मनाया। इस अवसर पर डॉ. सीमा परतानी ने कहा कि "पेलियेटिव केयर का उद्देश्य सिर्फ रोग का उपचार नहीं, बल्कि रोगी के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक दर्द को कम करना है। यह सेवा रोगी को जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद करती है।"

# रामगंज मंडी में यात्रियों को राहत : जल्द मिलेगा यात्रि प्रतीक्षालय

सुकेत (रॉयल पत्रिका) । रामगंजमडी में अंबेडकर सर्किल स्थित नाका चुंगी भवन को यात्रा प्रतीक्षालय के रूप में विकसित किया जाएगा। कार्यवाहक चेयरमैन अखिलेश मेड़तवाल ने बताया कि अंबेडकर सर्किल पर कई दिनों से एक चुंगी नाका भवन बना हुआ है। इसकी मरम्मत करवाकर नगर पालिका प्लास्टर, रंगाई-पुताई के साथ कुर्सियां और रोशनी के विए लाइट लगाएगी, जिससे यह यात्रि प्रतीक्षालय के रूप में विकसित हो सके। इस चौराहे पर झालावाड़, पाटन, पिपलिया, जुल्मी, नालोदिया जाने वाले यात्रियों को यात्री प्रतीक्षालय बनने से राहत मिलेगी। यहां यात्री खुले में बसों की प्रतीक्षा में खड़े रहते हैं। इससे महिला, पुरुषों और बच्चों को काफी परेशानी होती है। उनकी परेशानी को देखते हुए भवन का कार्य शुरू करवाया। इसे आगामी 5 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया।



# चैंपियन गिरता है... पर रुकता नहीं : कार्तिक

मुंबई। कार्तिक आर्यन ने 'चंदू चैंपियन' के लिए अपना पहला फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार जीतने के बारे में खुलकर बात की। वहीं, कार्तिक आर्यन को फिल्मफेयर में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतते देख कबीर खान को गर्व महसूस हुआ। कार्तिक आर्यन ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्मफेयर के दौरान की कई तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही उन्होंने लिखा, 'चैंपियन गिरता है।.. पर रुकता नहीं।' कार्तिक ने बताया यह पल उनके लिए सपने जैसा है। उन्होंने फिल्म के निर्देशक कबीर खान, निर्माता साजिद नाडियाडवाला और वर्दा खान नाडियाडवाला और पूरी टीम को धन्यवाद दिया।

## लाइफ Style



# चित्रांगदा

## हर कोई जवान दिखने की कोशिश कर रहा

बॉलीवुड में अभिनेताओं की बढ़ती उम्र हमेशा से बहस का विषय रही है। पुरुष अभिनेता फिल्मों में अपने से काफी छोटी उम्र की अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करते रहते हैं। ऐसे में क्या महिला अभिनेत्रियों को अपनी उम्र बढ़ने से रोकने का दबाव महसूस होता है? इस पर चित्रांगदा सिंह ने अपनी बात रखी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री ने कहा 'यह सबके लिए है। अगर आप 70 साल की महिला का किरदार निभा रही हैं, तो आपको वैसा ही दिखना चाहिए। अगर आप 30 साल की उम्र की भूमिका निभाना चाहती हैं, तो आपको उसे निभाना आना चाहिए।' चित्रांगदा सिंह का कहना है कि 'निर्माताओं का ऐसा सोचना जायज है। पुरुष अभिनेताओं के लिए भी यही बात लागू होती है। अक्की (अक्षय कुमार) अपनी फिटनेस पर ध्यान देते हैं, अपने खान-पान पर ध्यान देते हैं। बेशक, जब किसी पुरुष अभिनेता का किरदार लिखा जाता है, तो महिला किरदार के बजाय ज्यादा लचीलापन होता है। मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई पक्षपात है। वे फिल्म को आगे बढ़ाते हैं।' चित्रांगदा सिंह ने आगे कहा 'समय बहुत बदल गया है। करीना कपूर कमाल का काम कर रही हैं। विद्या (बालन) बहुत काम कर रही हैं। ये सभी कलाकार अभी भी स्क्रीन पर अपनी अच्छी उपस्थिति बनाए हुए हैं। जहां तक एक खास तरह का दिखने के दबाव की बात है, निकोल किडमैन, डेमी मूर को ही देख लीजिए, हर कोई (जवान दिखने की) कोशिश कर रहा है, आपको भी यह कोशिश करनी होगी। बेशक कलाकारों को हर चीज में दबाव का सामना करना पड़ता है।'

## हॉलीवुड मसाला



# गॉडफादर की रही थीं स्टार...

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की मशहूर और ऑस्कर विजेता अभिनेत्री डाएन कीटन का 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। कीटन को उनकी फिल्मों एनी हॉल, द गॉडफादर और फादर ऑफ द ब्राइड के लिए जाना जाता है। उनके अनोखे अंदाज, जीवंत व्यक्तित्व और अभिनय की गहराई ने उन्हें अपनी पीढ़ी की सबसे अलग अभिनेत्रियों में से एक बना दिया। कीटन का निधन हॉलीवुड और दुनिया भर के फिल्म प्रेमियों के लिए एक बड़ा सदमा है। उनके अभिनव और यादगार अभिनय ने फिल्मों को समय के पार स्थायी और प्रतिष्ठित बनाया।



# अमेरिका में रहकर भी भारतीय संस्कृति से लगाव

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स ने हिंदुत्व को लेकर हाल ही में एक बड़ा बयान दिया है। आध्यात्मिक सोच के लिए भी दुनियाभर में मशहूर हुई एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है। रॉबर्ट्स ने बताया कि उन्हें हिंदू धर्म से गहरी प्रेरणा मिली है और यही कारण है कि उन्होंने अपने बच्चों के नाम भी लक्ष्मी, गणेश और कृष्ण बलराम रखे हैं। जूलिया रॉबर्ट्स अमेरिका में जन्मी और पली-बढ़ी हैं, लेकिन भारत की आध्यात्मिक भूमि ने उन्हें हमेशा आकर्षित किया है। उन्होंने पहली बार हिंदू दर्शन से परिचय फिल्म 'ईट प्रे लव' की शूटिंग के दौरान भारत में कराया था। यहीं से उन्होंने हिंदू संस्कृति, पूजा-पाठ और ध्यान की विधियों को समझना शुरू किया। जूलिया रॉबर्ट्स ने एक इंटरव्यू में बताया कि हिंदू धर्म ने मानवता को जो अमूल्य धरोहरें दी हैं- गीता, वेद, योग, ध्यान और आयुर्वेद।



# अवॉर्ड मिलने पर हुईं इमोशनल

मुंबई। फिल्म जिगरा आलिया भट्ट के दिल के बहुत करीब है। यह उनकी पहली एक्शन ड्रामा फिल्म थी। इस फिल्म में आलिया का उम्दा अभिनय और एक्शन दर्शकों ने देखा। शनिवार को फिल्म जिगरा के लिए ही आलिया भट्ट को फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। वह अवॉर्ड फंक्शन में शामिल नहीं हो पाईं। लेकिन, आलिया ने एक स्पेशल पोस्ट इस अवॉर्ड और फिल्म 'जिगरा' की टीम के लिए की है। आलिया भट्ट अपनी पोस्ट में लिखती हैं, फिल्म 'जिगरा मेरे दिल के सबसे करीब रहेगी। सिर्फ उस कहानी के लिए नहीं, जो हमने सुनाई बल्कि उन बेहतरीन लोगों के लिए, जिन्होंने इसे यादगार बनाया। फिल्म के निर्देशक वसन बाला आपने इसे जिस तरह से बनाया है, उसके लिए । एक्टर वेदांग रैना और बाकी टीम ने जो ईमानदारी दिखाई, उसके लिए शुक्रिया।



# बच्चों के साथ की खूब सारी मस्ती...

मुंबई। फिल्म 'सैयारा' की कामयाबी के बाद अहान पांडे सुर्खियों में हैं। उनकी हर हरकत पर फैंस की नजर रहती है। फैंस उनकी तस्वीरों और वीडियो का इंतजार करते हैं। हाल ही में, अहान पांडे ने सीताराम मिल कंपाउंड मुंबई पब्लिक स्कूल के छात्रों के साथ कुछ वक्त गुजारा। स्कूल में अहान का दिन अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। बच्चों के साथ उनकी मुस्कुराते हुए और उनके साथ कक्षा में भाग लेते हुए तस्वीरें सामने आई हैं। अहान बच्चों के साथ मस्ती भरी बातें करते और तस्वीरें खिंचवाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वह बच्चों के साथ जमीन पर बैठे हैं। उनके साथ चिल्लाते हैं और अपने हाथ से दिल बनाते हैं। उन्होंने कई बच्चों को अपना ऑटोग्राफ भी दिया है। सोशल मीडिया पर अहान की तस्वीरें और वीडियो आते ही फैंस ने लाइक करना और कमेंट करना शुरू कर दिया है।

## टीवी मसाला

# केबीसी के मंच पर बच्चे ने अमिताभ संग की बदतमीजी

नई दिल्ली। टीवी का फेमस क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' हमेशा से ही दर्शकों का फेवरेट रहा है। इस शो का सीजन 17 भी इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। इस क्विज शो से अब तक कई कंटेस्टेंट मालामाल होकर जा चुके हैं। हर बार की तरह इस बार के 'कौन बनेगा करोड़पति' के इस सीजन को ऑडियंस काफी पसंद कर रहे हैं। शो को और भी खास बनता है इसके होस्ट यानी महानायक अमिताभ बच्चन का खास अंदाज। कई कंटेस्टेंट तो पैसों से ज्यादा बिग बी की एक झलक पाने की चाह में आते हैं। ऐसे में शो का हालिया



एपिसोड सुर्खियों में बना हुआ है। शो पर आए एक बच्चे की हरकत से बिग बी काफी खफा नजर आए। दरअसल, हालिया एपिसोड में 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के मंच पर गुजरात के छठी कक्षा के छात्र मयंक हॉट सीट पर बैठे। हॉट सीट तक पहुंचने को लेकर मयंक काफी एक्साइटेड दिखे। उनकी एक्साइटमेंट और उन्हें देखकर पहले तो लगता है कि वाकई में बच्चा काफी टैलेंटेड है। लेकिन जैसे-जैसे गेम शुरू होता है, उसके बात करने के तरीके से साफ पता चलता है कि वो अमिताभ बच्चन को कुछ समझ ही नहीं रहा है। अमिताभ बच्चन मयंक से पूछते हैं कि उन्हें कैसा लग रहा है तो इस पर मयंक ने कहा, 'मैं बहुत एक्साइटेड हूं। लेकिन हम सीधे पॉइंट पर आते हैं। आप मुझे गेम के नियम बताने मत बैठ जाना, क्योंकि मुझे सारे रूल्स के बारे में पता है।' ये सुनते ही बिग बी ने उसे बिना कुछ कहे मुस्कुरा दिया। इसे बाद वो हर सवाल का जवाब देने इस पर बच्चन साहब मुस्कुराकर आगे बढ़ जाते हैं और खेल की शुरुआत करते हैं। शुरुआत में बिग बी में जब बच्चे से सवाल करते हैं तो सवाल पूरा होने से पहले ही जवाब देने लगता है। ऐसे में एक-दो बार खुद महानायक उसकी इस हरकत को नजर अंदाज कर देते हैं। ऐसे में आखिर में उसका ओवरकॉन्फिडेंस उसे ले डूबता है। पांचवे प्रश्न पर आते ही वो आउट हो जाता है।

## सलमान की फटकार के बाद बदल सकता है कंटेस्टेंट का गेम

नई दिल्ली। बिग बॉस 19 को शुरू हुए डेढ़ महीने का समय हो चुका है। इस समय में ऑडियंस ने अपने फेवरिट कंटेस्टेंट को पसंद कर लिया है।



सोशल मीडिया पर दोनों ग्रुप को लेकर पोस्ट वायरल हो रहे हैं। किसी को अमाल का गेम पसंद आ रहा है तो किसी को अभिषेक बजाज और अश्नूर की जोड़ी। कुछ ऐसे भी जो तान्या मित्तल की लक्जरी लाइफस्टाइल को पसंद कर रहे हैं। वहीं, उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया जा रहा है। लेकिन, इस वीकेंड के वार पर सलमान खान ने तान्या समेत इन कई कंटेस्टेंट को फटकार लगाई है। कइयों को अपना गेम बदलने और सही दोस्त चुनने की सलाह दी है। ऐसे में उम्मीद है कि इस वीकेंड के वार के बाद कंटेस्टेंट का गेम बदलने वाला है। सलमान खान ने तान्या को जबरदस्त फटकार लगाई है। एक्टर ने कहा कि वो पहले दिन से ही क्लियर थीं कि उन्हें किसे दोस्त बनाना है और किसे नहीं।

# छोटे रोल से निराश हो गए थे सौरभ खत्म हो गई थी अभिनय में रुचि

मुंबई। 'जॉली एलएलबी 3' की रिलीज के बाद से लेखक और अभिनेता सौरभ शुक्ला सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने जीवन के उस मुश्किल दौर के बारे में खुलकर बात की जब उनकी अभिनय में रुचि लगभग खत्म होने लगी थी। उन्होंने बताया कि एक दौर ऐसा भी था जब उन्हें फिल्मों में केवल छोटे-मोटे रोल ही मिलते थे, जिससे वह निराश हो जाते थे। हालांकि 'बर्फी' की शूटिंग के दौरान वह रणबीर कपूर से मिले और उनको अभिनय में दोबारा मजा आने लगा। सौरभ शुक्ला ने अपने निराशाजनक दौर के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि जब 'बर्फी' के निर्देशक अनुराग बसु ने उनसे संपर्क किया तो उन्होंने लगभग फिल्म छोड़ने का फैसला कर लिया था। सौरभ ने कहा 'मैं रणबीर से बर्फी में मिला था। मैं उस समय बहुत ही निराशा के दौर से गुजर रहा था। लोग कहते थे, 'सौरभ, तुम बहुत अच्छे एक्टर हो' लेकिन जब रोल मिलते थे, तो हमेशा कैमियो होते थे।'सौरभ ने आगे कहा 'मैं वाकई संघर्ष कर रहा था। इसलिए, मैंने लोगों को बताना शुरू कर दिया कि मैं एक्टिंग नहीं करता। मैं एक लेखक हूं और मैंने फिल्में बनाई हैं। जब अनुराग ने मुझे यह फिल्म ऑफर की, तो मेरे पहले शब्द थे, 'अनुराग, अगर तुम्हारे पास मेरे लिए कुछ है, तो मुझे फोन करो। इस पर अनुराग ने कहा 'सर, अगर मेरे पास आपके लिए कुछ नहीं होता, तो मैं आपको क्यों बुलाता?' उन्होंने मुझे वह फिल्म दी, जो वाकई कमाल की थी।' सौरभ ने आगे कहा ''बर्फी' में मेरी मुलाकात रणबीर से हुई। वह बहुत आकर्षक, जवान, बातों और सपनों से भरा हुआ था। मुझे उसके साथ बैठकर बहुत अच्छा लगा। हम दोनों में एक-दूसरे के लिए सम्मान था। अभिनय करते हुए वह कुछ करता और मुझे उससे कुछ मिलता।



# ऐश्वर्या पर अभिषेक का इमोशनल बयान, छलक आए आंसू



नई दिल्ली। अभिषेक बच्चन की फिल्म 'आई वॉन्ट टू टॉक' जिसने भी देखी, उसने उनके अभिनय की तारीफ की। आखिरकार, उन्हें पहली बार बेस्ट एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। जीत की ट्रॉफी थामे अभिषेक बच्चन ने जब मंच पर बोलना शुरू किया, तो उनकी आंखों में आंसू छलक आए। उसने स्पीच में पत्नी ऐश्वर्या राय का जिक्र किया और फिर ट्रॉफी अपने पिता अमिताभ बच्चन और बेटी आराध्या बच्चन को डेडिकेट कर दी। अभिषेक बच्चन अपनी जीत से अभिभूत थे। ट्रॉफी थामने के बाद उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने भरी आंखों से इमोशनल स्पीच दी, जिसने उनके हर एक चाहनेवाले को इमोशनल कर दिया। वे बोले, 'इस साल मुझे इंडस्ट्री में काम करते हुए 25 साल पूरे हो गए हैं। मुझे याद नहीं कि मैंने कितनी बार इस अवॉर्ड की स्पीच के लिए प्रैक्टिस की है।' अभिषेक बच्चन ने आगे कहा, 'इसे जीतना मेरा सपना था और आज बहुत आभारी महसूस कर रहा हूं। परिवार के सामने अवॉर्ड मिलना, इसे और खास बनाता है।' अभिषेक ने आखिर में कहा, 'मैं यह अवॉर्ड तो खास लोगों को डेडिकेट करना चाहता हूं। यह फिल्म पिता और बेटी के बारे में है और मैं इसे अपने हीरो, मेरे पिता और अपने दूसरे हीरो, मेरी बेटी को डेडिकेट करना चाहता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद, मैं बता नहीं सकता, इसके मेरे लिए क्या मायने हैं।' अभिषेक ने फिर इमोशनल होते हुए पत्नी ऐश्वर्या राय और बेटी आराध्या बच्चन को याद किया। वे बोले, 'ऐश्वर्या और आराध्या से कहना चाहता हूं- मुझे बाहर जाने और सपनों को पूरा करने की अनुमति देने के लिए शुक्रिया। मुझे उम्मीद है कि यह अवॉर्ड जीतने के बाद, वे अपना त्याग समझ पा रहे हैं जिसकी वजह से मैं आज यहां खड़ा हूं।'

## पुराने कलाकारों को नए कलाकारों ने अपनी परफॉर्मेंस के जरिए दिया ट्रिब्यूट

# लापता लेडीज ने झटकी 13 ट्रॉफियां अवॉर्ड लेते कलाकार हुए भावुक

*मुंबई। फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 के मंच पर पूरा बॉलीवुड नजर आया। इस खास शाम को शाहरुख खान ने अपनी एंकरिंग से खास बना दिया। साथ ही शाहरुख और काजोल की परफॉर्म भी चर्चा में रही। कई पुराने कलाकारों को नए कलाकारों ने अपनी परफॉर्मेंस के जरिए ट्रिब्यूट दिया। अवॉर्ड नाइट में फिल्म 'लापता लेडीज' की धूम रही। कई कलाकार अवार्ड लेते हुए भावुक नजर आए।*

### कार्तिक और अभिषेक ने शेयर किया अवॉर्ड

अपने कॅरियर में अभिषेक बच्चन ने पहली बार बेस्ट एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड अपने नाम किया। अभिषेक को फिल्म 'आई वांट टू टॉक' के लिए यह अवॉर्ड मिला है। हालांकि, यह अवॉर्ड उन्हें संयुक्त रूप से कार्तिक आर्यन के साथ मिला। कार्तिक आर्यन को यह अवॉर्ड फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए मिला। कार्तिक आर्यन और अभिषेक बच्चन अवॉर्ड लेते वक्त इमोशनल दिखे। अवॉर्ड फंक्शन में आलिया तो नहीं पहुंची थीं, लेकिन उन्होंने अपने नाम बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड किया। फिल्म 'जिगरा' में उम्दा अभिनय करने लिए आलिया को यह अवॉर्ड मिला है।

### शाहरुख को किया गया सम्मानित काजोल संग परफॉर्मेंस ने जीता दिल

फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 में शाहरुख और काजोल की हिट जोड़ी ने स्टेज पर अपनी परफॉर्मेंस से समा बांध दिया था। दर्शक मंत्रमुग्ध होकर दोनों को देखते रहे। वहीं शाहरुख खान को अवॉर्ड फंक्शन में भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने काजोल और करण जौहर के साथ यह अवॉर्ड लिया।



### अवॉर्ड फंक्शन में ये झलकियां भी चर्चा में रहीं

कीर्ति सेनन और लक्ष्य ने दिया शम्मी कपूर और जीनत अमान को ट्रिब्यूट। कीर्ति ने जीनत अमान और लक्ष्य ने शम्मी कपूर के गानों पर परफॉर्म किया। इनकी परफॉर्मेंस ने इवेंट में चार चांद लगा दिए थे। रवि किशन अवॉर्ड लेते हुए भावुक हुए। शाहरुख खान के साथ खड़े होकर उन्होंने अपने मन की बातें सबके साथ साझा कीं। 'लापता लेडीज' फेम एक्ट्रेस प्रतिभा रांटा ने भी अवॉर्ड लेते हुए काफी एक्साइटेड दिखीं। डायरेक्टर किरण राव ने अपनी फिल्म 'लापता लेडीज' की पूरी कास्ट के साथ बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड लिया।

### फिल्मफेयर अवॉर्ड के विजेताओं की सूची

**बेस्ट लीड मेल एक्टर**
अभिषेक बच्चन और कार्तिक आर्यन
**बेस्ट लीड एक्ट्रेस**
आलिया भट्ट
**बेस्ट मेल एक्टर (क्रिटिक्स अवार्ड्स)**
राजकुमार राव
**बेस्ट लीड एक्ट्रेस (क्रिटिक्स अवार्ड्स)**
प्रतिभा रांटा
**बेस्ट सपोर्टिंग फीमेल एक्ट्रेस**
छाया कदम (लापता लेडीज के लिए)
**बेस्ट सपोर्टिंग मेल एक्टर**
रवि किशन (लापता लेडीज के लिए)
**बेस्ट फिल्म (क्रिटिक्स अवार्ड्स)**
शूजित सरकार (आई वांट टू टॉक के लिए)
**बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025**
नितांशी गोयल
**बेस्ट डेब्यू एक्टर (फिल्मफेयरअवॉर्ड 2025)** : लक्ष्य
**बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर (फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025)**
कुणाल खेमू, आदित्य सुहास जंभाले
**बेस्ट प्लेबैक सिंगर मेल**
अरिजीत सिंह (लापता लेडीज के लिए)

# पेनल्टी किक पर गोल करने से चूके रोनाल्डो

एजेंसी ▸▸ लंदन



दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पेनल्टी किक पर गोल करने से चूक गए लेकिन आखिरी क्षणों में रुबेन नेवेस के गोल की बदौलत पुर्तगाल ने विश्व कप क्वालीफाइंग के यूरोपीय चरण में आयरलैंड को 1-0 से हराकर ग्रुप एफ की तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली। रोनाल्डो मैच के 75वें मिनट में पेनल्टी पर चूक गए लेकिन नेवेस ने (90+1 मिनट) में गोल कर टीम को लगातार तीसरी जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही टीम ने ग्रुप तालिका में नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हंगरी पर पांच अंक की बढ़त कायम कर ली है। ग्रुप के दूसरे मैच में हंगरी ने डेनियल लुकाक्स और जोम्बोर ग्रुबर के गोल की मदद से आर्मेनिया को 2-0 से हराया। स्पेन ने ग्रुप ई के मैच में जॉर्जिया को 2-0 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

# 1990 के बाद क्वालीफाई करने के करीब यूएई

एजेंसी ▸▸ दोहा

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 2026 फीफा विश्व कप के एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे दौर में ओमान को 2-1 से हराकर 1990 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया है। यूएई को स्वतः क्वालीफिकेशन के लिए अब मंगलवार को मेजबान कतर के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की जरुरत है। इस हार से ओमान की तीन-टीम वाले ग्रुप ए को जीतकर पहली बार विश्व कप के लिए स्वतः क्वालीफाई करने की उम्मीदें समाप्त हो गईं। टीम हालांकि अब भी दूसरे स्थान पर रहकर पांचवें दौर में आगे बढ़ सकती है। यह विश्व कप अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की सह मेजबानी में आयोजित होगा।



## खबर संक्षेप



### जापान ओपन स्क्वाश के सेमीफाइनल में पहुंची जोशना

**नई दिल्ली।** स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने जापान के योकोहामा में चल रहे जापान ओपन पीएसए चैलेंजर में मिस्र की नारदीन गैरास को सीधे गेमों में हराकर के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में पूर्व में नंबर 10 पर रही इस 39 साल की खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त गैरास को 11-8, 15-13, 11-9 से हराया। जोशना अंतिम चार में अब चौथी वरीयता प्राप्त मिस्र की राणा इस्माइल से भिड़ेंगी। पूर्व एशियाई चैंपियन और विश्व युगल चैंपियन ने इससे पहले दूसरे दौर में फ्रांस की पांचवीं वरीयता प्राप्त लॉरेन बाल्टायन को 11-7, 11-4, 11-9 से और पहले दौर में मलेशिया की एनरी गोह को 11-6, 11-6, 11-6 से हराया था।

### न्यूजीलैंड को हराकर जोहोर कप में भारत का अजेय अभियान जारी



**जोहोर।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपना अजेय अभियान जारी रखा। भारत के लिए अर्शदीप सिंह (दूसरे मिनट), पीबी सुनील (15वें मिनट), अरिजीत सिंह हुंडल (26वें मिनट) और आर कुमुर (47वें मिनट) ने गोल किए जबकि न्यूजीलैंड के लिए गस नेल्सन (41वें मिनट) और ऐडन मैक्स (52वें मिनट) ने गोल दागे। भारत ने इससे पहले टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में ब्रिटेन को 3-2 से हराया था। भारत ने पहला गोल शुरुआती क्वार्टर के दूसरे मिनट में कर दिया जिसमें अर्शदीप ने आसान मौके को गोल में बदल दिया। उन्होंने दाईं ओर से सर्कल में तेजी से दौड़ लगाई और शॉट लगाया, लेकिन शुरुआत में न्यूजीलैंड के गोलकीपर ने इसे बचा लिया लेकिन वह रिबाउंड पर गोल करने में कामयाब रहे।

### वाशेरोट ने जीता शंघाई मास्टर्स खिताब



**शंघाई।** वैलेंटिन वाशेरोट ने क्वालीफाइंग दौर से मुख्य दौर में जगह बनाने के बाद रविवार को अपने चचेरे भाई आर्थर रिंडरनेच को 4-6, 6-3, 6-3 से हराकर शंघाई मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 204वें स्थान पर काबिज 26 साल के वाशेरोट एटीपी मास्टर्स 1000 के इतिहास में सबसे कम रैंकिंग वाले विजेता है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर का खिताब जीतने वाले मोनाको के पहले खिलाड़ी भी है। वाशेरोट ने सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराया था जबकि रिंडरनेच ने चार ग्रैंडस्लैम का फाइनल खेलने वाले दानिल मेदवेदेव को शिकस्त दी थी।

## वेस्टइंडीज दूसरी पारी में 173/3, भारत से अभी 97 रन पीछे

# फॉलोऑन के बाद वेस्टइंडीज का पलटवार कैंपबेल और होप की शतकीय साझेदारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और शाई होप के अर्धशतकों के साथ दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी के दम पर वेस्टइंडीज की टीम भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच को चौथे दिन खींचने में सफल रही। वेस्टइंडीज फालोऑन मिलने के बाद रविवार को तीसरे दिन स्टंप्स तब अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 173 रन बना लिए। टीम को पारी की हार से बचने के लिए अभी और 97 बनाने होंगे। स्टंप्स के समय कैंपबेल 87 और होप 66 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैच में भारत का पलड़ा अब भी काफी भारी है लेकिन कैंपबेल की आत्मविश्वास से भरी पारी से दिन का तीसरा सत्र वेस्टइंडीज के नाम रहा। यह पूरी श्रृंखला का पहला ऐसा सत्र है, जो वेस्टइंडीज के नाम रहा। कैंपबेल ने 145 गेंद की पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। खासकर कुलदीप यादव के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। उनकी और होप की साझेदारी से वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले हौसला बढ़ेगा।

■ भारत के खिलाफ अंतिम टेस्ट को चौथे दिन खींचने में सफल वेस्टइंडीज



### कुलदीप का कमाल

*कुलदीप यादव ने शनिवार को दूसरे टेस्ट में सबसे पहले एलिक एथानाजे को सबसे पहले आउट किया, जिनका कैच रवींद्र जडेजा ने लिया। फिर रविवार की सुबह उन्होंने शे होप को आउट किया। कुलदीप यादव का तीसरा विकेट टेविन इमलैच के तौर पर आया। इसके बाद उन्होंने जेडन ग्रीव्स को पवेलियन भेजा। लेफ्ट आर्म स्पिनर ने पांचवां शिकार जेडन सील्स का किया।*

### गिल ने लपका कमाल का कैच

पहली पारी में 270 रन की बढ़त होने के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल ने वेस्टइंडीज को फालोऑन करने को कहा। चाय के विश्राम से पहले मोहम्मद सिराज ने सपाट पिच पर तेगनारायण चंद्रपॉल (10) को और एक तेज शॉर्ट गेंद फेंकी, जो अपने पुल-शॉट पर नियंत्रण नहीं रख पाए। कप्तान शुभमन गिल ने डाइव लगाकर कैच लपक कर उनकी पारी का अंत किया। एलिस अथानजे (सात) को वाशिंगटन सुंदर ने एक बेहतरीन ऑफ स्पिन लेती गेंद पर आउट किया। बता दें कि साउथ अफ्रीका के पॉल एडम्स ने 45 टेस्ट में 4 बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया है। वॉर्डल ने इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए मुकाबले में रेड बॉल मैच में साल 1957 में 5वीं बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया था। इस गेंदबाज ने पहली पारी में 20.2 ओवरों में 61 रन देकर 5 बैटर्स को आउट किया था।

### कुलदीप ने 5 विकेट लेकर रचा इतिहास



5 विकेट लेकर कुलदीप यादव ने इंग्लैंड के स्पिनर जॉनी वॉर्डल के सबसे ज्यादा 5 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। ये रिकॉर्ड लेफ्ट आर्म स्पिनर के जरिए है। वॉर्डल ने अपने 9 साल के इंटरनेशनल करियर में 28 टेस्ट खेले हैं और 5 बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया। कुलदीप ने अब 15 टेस्ट मैचों में 5 बार 5 विकेट लेकर कमाल कर दिया है।

### स्कोर बोर्ड

| वेस्टइंडीज दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जॉन कैंपबेल नाबाद | 87 | 145 | 9 | 2 |
| चंद्रपॉल का गिल बो सिराज | 10 | 30 | 1 | 0 |
| एलिस अथानजे बो सुंदर | 07 | 17 | 1 | 0 |
| शाई होप नाबाद | 66 | 103 | 8 | 2 |

**अतिरिक्त :** 28,
**कुल योग:** 49 ओवर में दो विकेट पर 173 रन
**गेंदबाजी :** सिराज 6-2-10-1, जडेजा 14-3-52-0, वाशिंगटन 13-3-44-1, कुलदीप 11-0-53-0, बुमराह 4-2-9-0, जायसवाल 1-0-3-0

## विश्व जूनियर चैंपियनशिप

# स्पर्धा में लय बरकरार रखने की कोशिश करेंगे भारतीय शटलर





एजेंसी ▸▸ गुवाहाटी

मिश्रित टीम स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय दल सोमवार से शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी इसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगा। भारत का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17 साल पहले पुणे में रहा था जब साइना नेहवाल ने लड़कियों के एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था जबकि आरएमवी गुरु साई दत्त ने लड़कों के एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता के इतिहास में कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं, जिनमें चार रजत पदक शामिल हैं। इस चरण में भारत के पास एक और स्वर्ण पदक जोड़ने का सबसे अच्छा मौका लड़कियों के एकल वर्ग में है, जिसमें जूनियर विश्व नंबर एक तन्वी शर्मा और चाइना ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंची उन्नति हुड्डा शामिल हैं। दोनों खिलाड़ियों को ड्रॉ के अलग-अलग हिस्सों में रखा गया है, जिससे भारतीयों के बीच संभावित फाइनल की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

### उन्नति करेंगी किउ अन्ना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत

एशियाई अंडर-19 कांस्य पदक विजेता तन्वी को शुरुआती दौर में बाई मिली है और इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त थलिता विर्यावान के खिलाफ संभावित क्वार्टरफाइनल उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आठवीं वरीय उन्नति दूसरे दौर में हांगकांग की लियू होई किउ अन्ना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत कर सकती हैं। भारत की एशियाई अंडर-19 कांस्य पदक विजेता वेन्नाला के और विश्व में 41वें नंबर की रक्षिता श्री को अंतिम चार में पहुंचने के लिए कुछ कठिन मुकाबलों से गुजरना होगा।

### लड़कों के लिए पदक दौर तक पहुंचने का रास्ता कठिन

लड़कों के एकल वर्ग के दावेदारों के लिए पदक दौर तक पहुंचने का रास्ता और भी कठिन होगा, जहां लालथाजुआला हमार का सामना विश्व जूनियर नंबर एक और शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के मोहम्मद जाकी उबैदिल्लाह से अंतिम 32 में होने की संभावना है। 11वीं वरीयता प्राप्त रौनक चौहान को चीन के ली जी हैंग के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

## वनडे में किया 5 हजार का आंकड़ा पार

# स्मृति ने रचा इतिहास, 1 कैलेंडर ईयर में बनाए 1 हजार रन

एजेंसी ▸▸ विशाखापत्तनम



भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्व कप ग्रुप मैच के दौरान महिला वनडे में एक कैलेंडर वर्ष में 1,000 रन बनाने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। उनतीस साल की इस सलामी बल्लेबाज ने महिला वनडे में 5,000 रन भी पूरे किए और मिताली राज के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली केवल पांचवीं और दूसरी भारतीय बल्लेबाज बन गईं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं और उन्होंने सबसे कम पारियों में 1,000 रन बनाए। मंधाना ने 112 पारियों और 5,569 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की, जिससे उन्होंने स्टेफनी टेलर की 129 पारियों और सूजी बेट्स की 6,182 गेंदों की संख्या को पीछे छोड़ दिया। मंधाना ने हालांकि टूर्नामेंट में धीमी शुरुआत की लेकिन इस बाएं हाथ की बल्लेबाज ने शानदार वापसी करते हुए 66 गेंद में 80 रन (नौ चौके और तीन छक्के) बनाकर फॉर्म में वापसी की और प्रतिका रावल के साथ 155 रन की साझेदारी की, जो इस प्रतियोगिता में सलामी बल्लेबाजों के बीच पहली शतकीय साझेदारी भी थी।

### एक ओवर में बनाए 16 रन

इस मैच से पहले मंधाना के 17 मैच में 982 रन थे। उन्होंने आठवें ओवर में 1,000 रन का आंकड़ा छुआ, जिसमें उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू की धज्जियां उड़ाते हुए इस ओवर में चौका, छक्का और चौका जड़ा, जिससे 16 रन बने। मंधाना ने इस तरह महिला वनडे में ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क (1997 में 970 रन) का एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत सकारात्मक तरीके से की और किम गार्थ के पहले ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर खाता खोला। लेकिन मोलिनू के ओवर में मंधाना ने पहली गेंद को मिड-ऑन के ऊपर से चौका जड़ा, अगली गेंद को डिफेंड किया, फिर तीसरी गेंद पर लांग-ऑन के ऊपर से छक्का जड़ा और फिर स्क्वायर लेग के ऊपर से एक और चौका लगाकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। मंधाना ने टूर्नामेंट में इससे पहले श्रीलंका, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्रमशः 8, 23 और 23 रन बनाए थे।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर सील्स को जुर्माना

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स को भारत के खिलाफ खेल जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी के लेवल एक आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया गया है। यह घटना शुक्रवार को भारत की पहली पारी के 29वें ओवर में घटी जब सील्स ने गेंदबाजी करने के बाद गेंद को बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की ओर फेंक दिया, जिससे गेंद उनके पैड पर लगी। आईसीसी ने कहा, 'सील्स को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी की ओर या उसके पास अनुचित या खतरनाक तरीके से गेंद (या किसी अन्य क्रिकेट उपकरण) फेंकने से संबंधित है।' इसके साथ ही सील्स के खाते में 24 महीनों की अवधि में कुल डिमेरिट अंक की संख्या अब दो हो गई है।

## *महिला विश्व कप में भारत की लगातार दूसरी हार*

# ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड जीत दर्ज करके भारत की सेमीफाइनल की राह मुश्किल की

भाषा ▸▸ विशाखापत्तनम

कप्तान एलिसा हीली की 142 रन की मैराथन पारी और अनाबेल सदरलैंड के पांच विकेट के दम पर आस्ट्रेलिया ने महिला विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए रविवार को भारत को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल की उसकी राह मुश्किल कर दी। जीत के लिये 331 के रिकॉर्ड लक्ष्य को हीली की पारी ने आसान बना दिया जिन्होंने 107 गेंद में 21 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 142 रन बनाये और एलिसे पैरी ने चोट के कारण मैदान छोड़ने के बाद वापसी करके स्नेह राणा को छक्का लगाकर एक ओवर बाकी रहते टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले महिला विश्व कप में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड भी आस्ट्रेलिया के नाम था जब उसने 2022 में भारत के ही खिलाफ आकलैंड में 278 रन का लक्ष्य हासिल किया था। सात बार की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई टीम ने वनडे क्रिकेट में पहली बार तीन सौ से अधिक के लक्ष्य का पीछा करके कामयाबी हासिल की है।



▸▸ डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट से हराया
▸▸ कप्तान एलिसा हीली का शतक

### *बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगा अफ्रीका*

*विशाखापत्तनम। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार दो जीत से महिला वनडे विश्व कप में अपने अभियान को शानदार अंदाज में पटरी पर लाने के बाद सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगी। अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 10 विकेट की करारी हार झेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने न्यूजीलैंड और मेजबान भारत पर दमदार जीत दर्ज कर शानदार वापसी की है। इन दो जीतों से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। टीम अंक तालिका में चौथे (-0.888 के नेट रन रेट के साथ) स्थान पर है।*

## दिल्ली हाफ मैराथन को जोशीले धावकों ने उत्सव की तरह मनाया

# 40 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने दौड़ की भावना का मनाया जश्न

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली का जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम रविवार को खेल प्रेमियों से गुलजार हो गया जब वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में 40 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर दौड़ की भावना का शानदार जश्न मनाया। इस साल का आयोजन शीर्ष खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धा को यादगार बनाया। दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान जैसे प्रमुख हस्तियों ने भी आम खेल प्रेमियों के साथ दौड़ में भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को बड़े उत्साह से अपनी बिब और किट ली थी। उन्होंने ओपन 10के (10 किलोमीटर) दौड़ पूरी की। दौड़ पूरी करने के बाद उन्होंने कहा, 'यह केवल खिलाड़ियों की दौड़ नहीं होती, बल्कि इससे जुड़ा पूरा परिस्थितिक तंत्र होता है। इस स्पर्धा से जितने गरीब और वंचित लोग लाभान्वित होते हैं, वह वाकई अद्भुत है।

■ राजधानी दिल्ली का जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम खेल प्रेमियों से गुलजार



### बीमार भाई की खुशी के लगाया जोर : मटाटा

*कीनिया के एलेक्स मटाटा ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में पुरुष वर्ग का खिताब जीतने के बाद कहा कि वह अपने बीमार भाई के चेहरे पर खुशी लाने के लिए दौड़ के दौरान खुद को प्रेरित कर रहे थे। मटाटा ने इस जीत के बाद कहा, 'यह जश्न... मैं अपने और अपने भाई के लिए मना रहा हूं। मुझे लग रहा था कि यहां मेरी जगह मेरा भाई दौड़ रहा है। वह बीमार है तो मैंने सोचा की उसकी चेहरे पर खुशी के लिए पूरी ताकत झोंक देनी चाहिए।'*

### मटाटा और रेंगरुक बने चैंपियन

*कीनिया के लंबी दूरी के धावक एलेक्स मटाटा और लिलियन कासैट रेंगरुक ने वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीतीं। पिछले साल दूसरे स्थान पर रहे मटाटा ने 59 मिनट 50 सेकंड का समय निकालकर बोयेलिन टेशागर (एक घंटा 22 सेकंड) और जेम्स किपकोगी (एक घंटा 25 सेकंड) को पछाड़ा। रेंगरुक ने एक घंटे सात मिनट 20 सेकंड का समय निकालकर महिला वर्ग का खिताब जीता। इथियोपिया की जोड़ी मेलाल सियूम बिरातु (एक घंटा सात मिनट 21 सेकंड) और मुलत टेकले (एक घंटा सात मिनट 29 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। अभिषेक पाल और सीमा भारतीय पुरुष और महिला वर्ग में सबसे तेज धावक रहे। उन्होंने क्रमशः एक घंटे चार मिनट 17 सेकंड और एक घंटे 11 मिनट 23 सेकंड का समय लिया। दिल्ली हाफ मैराथन का यह 20वां सत्र है, जिसे यहां के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाई गई थी। इसकी कुल पुरस्कार राशि 260,000 डॉलर है।*

# ट्रंप ने पीएम मोदी को न्योता भेजा, मिस्र में होने वाले गाजा शांति सम्मेलन के लिए आया निमंत्रण

## भारत की ओर से कीर्ति वर्धन सिंह करेंगे प्रतिनिधित्व

*आज मिस्र में आयोजित होने वाले गाजा शांति सम्मेलन के लिए पीएम मोदी को आमंत्रित किया गया है। हालांकि, इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह वहां जाएंगे।*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज (13 अक्टूबर) को गाज़ा के लिए मिस्र में होने वाले "शांति सम्मेलन" में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। शांति सम्मेलन में शामिल होने के लिए मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी की तरफ से भी प्रधानमंत्री मोदी की न्योता आया है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार यह निमंत्रण शनिवार को अमेरिका और मिस्र की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया था।


फाइल फोटो

### 20 से अधिक देशों के नेता भाग लेंगे

*हालांकि प्रधानमंत्री कार्यालय ने अभी तक यह पुष्टि नहीं की है कि मोदी इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे या नहीं। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता के अनुसार, "शांति सम्मेलन" सोमवार दोपहर शर्म-अल-शेख में आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता अब्देल फतह अल-सीसी और डोनाल्ड ट्रंप संयुक्त रूप से करेंगे, और इसमें 20 से अधिक देशों के नेता भाग लेंगे। बयान में कहा गया है।*

### हमास हस्ताक्षर नहीं करेगा

हालांकि, शांति प्रक्रिया में कई बड़ी बाधाएं हैं। फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह हमास ने कहा है कि वह शांति समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करेगा। उन्होंने ट्रंप की योजना के कई तत्वों से असहमति जताई है, खासकर निरस्त्रीकरण और गाजा से फिलिस्तीनियों के स्थानांतरण के प्रस्तावों को खारिज किया। हमास ने इसे "बेतुका" बताया है, जो भविष्य में संभावित जटिलताओं की ओर इशारा करता है।

### युद्धविराम और गाजा का पुनर्निर्माण

शिखर सम्मेलन का मुख्य फोकस है इजराइल और हमास के बीच हाल ही में हुए युद्धविराम को मजबूत करना और गाजा में मानवीय सहायता और पुनर्निर्माण के प्रयासों पर काम करना। सम्मेलन में उम्मीद है कि नेता युद्धविराम का समर्थन करेंगे और गाजा के लिए दीर्घकालिक शांति का रोडमैप तैयार करेंगे। मिस्र, कतर, तुर्की और अमेरिका की मध्यस्थता में शर्म अल-शेख में तीन दिन की गहन वार्ता के बाद शुक्रवार को युद्धविराम लागू हुआ। पहले चरण में शामिल हैं गाजा शहर, राफा, खान यूनिस और उत्तरी गाजा से इजराइली सैनिकों की वापसी होगी।

### ट्रंप के हवाले से लिखा था मिस्टर पीएम आप महान हैं

## सम्मेलन में पीएम मोदी का ट्रंप से मुलाकात का अवसर बन सकता है

अगर प्रधानमंत्री मोदी इस सम्मेलन में शामिल होते हैं, तो यह राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात का अवसर बन सकता है। बीते एक दशक से अमेरिका के साथ भारत के रिश्तों में जो गर्मजोशी दिख रही थी, हाल के महीनों में कम होती दिखी। अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाए हैं और एच-1बी वीजा शुल्क भी बढ़ाया है। अमेरिका भारत पर यूक्रेन युद्ध में रूस का साथ देने का आरोप लगा रहा है। इस बीच एक नया डेवलपमेंट ये भी सामने आया कि भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने 11 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान सर्जियो गोर ने पीएम मोदी को एक तस्वीर भेंट की, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ऑफिस 'वॉइट हाउस' में खींची हुई पीएम मोदी और डॉनल्ड ट्रंप की फोटो है। इस तस्वीर में ट्रंप के हवाले से लिखा गया है, 'मिस्टर प्रधानमंत्री, आप महान हैं।

## खबर संक्षेप

### कैलिफोर्निया में क्रैश हुआ हेलिकॉप्टर, 5 घायल



**सैंकरामेंटो।** शनिवार दोपहर को हंटिंगटन बीच शहर में एक बड़ा हादसा हो गया एक हेलिकॉप्टर अचानक नीचे गिर गया, जिससे एक बच्चे समेत पांच लोग घायल हो गए। हादसा दोपहर करीब 2 बजे बीच बुलेवार्ड और ट्विन डॉल्फिन्स ड्राइव के पास, पैसिफिक कोस्ट हाईवे के पास हुआ। हेलिकॉप्टर में दो लोग सवार थे। हादसे के बाद उन्हें तुरंत मलबे से निकाल लिया गया। वहीं, सड़क पर मौजूद तीन राहगीर भी हादसे की चपेट में आ गए।

### पटाखा फैक्टरी में लगी आग, 80 घर खाक



**लीमा।** पेरू की राजधानी लीमा में आग लगने के कारण 80 घर झुलसकर राख हो गए हैं। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, पैम्प्लोना अल्टा इलाके में ये घटना हुई है, जहां जगह-जगह पहाड़ी ढलान पर बनी झुग्गी-झोपड़ी जैसी बस्ती है, यहां ज्यादातर घर लकड़ी और टीन की छतों से बने हुए हैं। पेरू की राजधानी लीमा के दक्षिणी इलाके में शनिवार देर रात भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया।

### पाक में पुलिस फायरिंग से 11 प्रदर्शनकारियों की मौत



**कराची।** पाकिस्तान में कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान के सदस्यों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प में 11 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा कई घायल हुए। इससे पहले 2 लोगों की मौत की खबर थी। ये प्रदर्शनकारी गाजा में ट्रंप के पीस प्लान का विरोध कर रहे थे। दरअसल पाकिस्तान ने इस प्लान का समर्थन किया है। इसे लेकर देश में तनाव बढ़ गया है।

## रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

# भारत ने 26/11 मुंबई हमले के आतंकियों को मारने का दुर्लभ मौका गंवाया, सौ फीसदी थी सटीक जानकारी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद/नई दिल्ली

*खुलासा हुआ है कि मुंबई हमलों के शुरूआती हफ्तों में मसूद अजहर और लश्कर-ए-तैयबा के कई शीर्ष आतंकियों की लोकेशन ट्रैक की गई थी। पाकिस्तान ने इन आतंकियों की "असामान्य मूवमेंट" को जानबूझकर दिखाया था, ताकि भारत को संकेत मिले कि पाकिस्तान उन आतंकी मास्टरमाइंड्स को "कुर्बानि" करने को तैयार है।*

भारत के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने खुलासा करते हुए कहा है कि भारत के पास 26/11 मुंबई हमले के बाद आतंकियों को मारने का बहुत बड़ा मौका था। अधिकारी, जो मुंबई हमले के बाद भारत की प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करने वाली टीम का हिस्सा था, उन्होंने खुलासा करते हुए कहा है कि नई दिल्ली ने पाकिस्तान स्थित शीर्ष आतंकवादी नेतृत्व को खत्म करने का एक दुर्लभ ऑपरेशनल मौका गंवा दिया।

इस टीम ने आकलन किया था कि अगर भारत कार्रवाई करता है तो पाकिस्तान भारत के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला करने की स्थिति में ही नहीं था और तनाव बढ़ने से बचने के लिए जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के टॉप लीडर्स की 'कुर्बानी' देने के लिए तैयार हो गया था। रिपोर्ट में उस बड़े अधिकारी ने खुलासा करते हुए कहा है कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने पूरी ऑपरेशनल मंजूरी दे दी थी। अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से तनाव बढ़ने का खतरा बेहद कम था।

» *खुफिया एजेंसियों ने दी थी ऑपरेशन की मंजूरी*

» *आंतकियों की लोकेशन ट्रैक की गई थी*



### कुख्यात आतंकियों को लेकर थी सटीक जानकारी

अधिकारी ने खुलासा करते हुए कहा कि मुंबई हमलों के शुरूआती हफ्तों में मसूद अजहर और लश्कर-ए-तैयबा के कई शीर्ष आंतकियों की लोकेशन ट्रैक की गई थी। इन आतंकियों की असामान्य मूवमेंट को जानबूझकर दिखाया गया, ताकि भारत को संकेत मिले कि पाकिस्तान उन्हें कुर्बान करने को तैयार है। अधिकारी के मुताबिक वे जानते थे कि हम देख रहे हैं। उन्होंने कुछ हद तक खुलकर इन आतंकियों को मूव कराया ताकि हम कार्रवाई करें। लेकिन हमने वह कदम नहीं उठाया।

### अंतिम फैसला राजनीतिक नेतृत्व के हाथों में था

अधिकारी के मुताबिक पाकिस्तान की सैन्य, वित्तीय और कूटनीतिक कमजोरी की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली को कार्रवाई करने की पूरी मंजूरी है, और आकलन से पता चलता है कि इस्लामाबाद सीमित जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार था, और नई दिल्ली के हमले की आशंका से डरा हुआ था। सूचनाओं ने यह संकेत दिया था कि पाकिस्तान न तो संसाधनों से लैस था और न ही मनोवैज्ञानिक रूप से युद्ध के लिए तैयार। भारत की सभी खुफिया एजेंसियों ने "ऑपरेशनल क्लियरेंस" दे दी थी, लेकिन अंतिम फैसला राजनीतिक नेतृत्व के हाथों में था। उन्होंने खुलासा करते हुए कहा है कि हमने अपनी पूरी रिपोर्ट दी, इनपुट्स शेयर किए और बताया कि पाकिस्तान सैन्य रूप से कमजोर स्थिति में है। वह किसी सीमित जवाबी कार्रवाई को सहन कर सकता था, लेकिन बड़े युद्ध के लिए तैयार नहीं है।

### मुत्तकी ने पिछली बार नहीं बुलाने पर दी सफाई



## अफगान मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बैठी दिखीं महिला पत्रकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने रविवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया। प्रेस-कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं थीं। इससे पहले शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को नहीं बुलाया गया था। इस पर विवाद भी खड़ा हो गया था। मुत्तकी ने पिछली बार महिला पत्रकारों को न बुलाने पर सफाई भी दी। उन्होंने बताया-यह सिर्फ तकनीकी कारणों से हुआ था।

### अफगानिस्तान ने वाघा बॉर्डर खोलने का अनुरोध किया

बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री ने काबुल और दिल्ली के बीच उड़ानों की संख्या बढ़ाने की घोषणा की। इसके अलावा दोनों पक्षों ने व्यापार और अर्थव्यवस्था पर समझौता किया। अफगानिस्तान ने भारत को विशेष रूप से खनिज, कृषि और खेल क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। बैठक में चाबहार बंदरगाह पर भी चर्चा हुई। अफगानिस्तान ने वाघा बॉर्डर को खोलने का अनुरोध किया है।

### अर्थव्यवस्था, व्यापार और अन्य मुद्दों पर चर्चा की

*मुत्तकी ने भारत के विदेश मंत्री से मुलाकात की और अर्थव्यवस्था, व्यापार और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री ने घोषणा की कि भारत काबुल में अपने मिशन को एम्बेसी में अपग्रेड करेगा और काबुल के डिप्लोमैट्स जल्द ही नई दिल्ली आएंगे।*

### 12 लोग घायल, 4 हालत नाजुक, जांच जारी

## अमेरिका के मिसिसिपी के स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग, 4 लोगों की मौत



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के मिसिसिपी राज्य में देर रात हुई एक सामूहिक गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य लोग घायल हुए हैं। इनमें से चार की हालत नाजुक बताई जा रही है। यह घटना लीलैंड नाम के शहर की है, जो राज्य की राजधानी जैक्सन से लगभग 190 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, यह घटना शुक्रवार रात करीब 12 बजे शहर की मुख्य सड़क पर हुई।

### गोलीबारी के बाद घायलों को अस्पताल भेजा

*उसी समय इलाके में लोगों की भीड़ अधिक थी, क्योंकि शहर के हाई स्कूल में होमकमिंग फुटबॉल गेम आयोजित किया गया था। यह एक पारंपरिक अमेरिकी उत्सव है जो हर साल शरद ऋतु में मनाया जाता है, जिसमें पुराने छात्र वापस स्कूल आकर अपने समुदाय और स्कूल की भावना का जश्न मनाते हैं। गोलीबारी के तुरंत बाद चार घायलों को एयरलिफ्ट कर पास के बड़े अस्पतालों में भेजा गया।*

### पीएम ने प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी

## पीएम मोदी ने सेशेल्स के नए राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी को जीत की दी बधाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सेशेल्स के राष्ट्रपति चुनाव में डॉ. पैट्रिक हर्मिनी की जीत पर हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि डॉ. हर्मिनी को राष्ट्रपति चुनाव में मिली जीत पर वे उन्हें अपनी शुभकामनाएं देते हैं और उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में लिखा, सेशेल्स के राष्ट्रपति चुनाव में डॉ. पैट्रिक हर्मिनी को उनकी जीत पर हार्दिक बधाई। हिंद महासागर का जल हमारा साझा धरोहर है, जो हमारे दोनों देशों की जनता की आकांक्षाओं और जरूरतों को पोषित करता है। मुझे विश्वास है कि उनके राष्ट्रपति कार्यकाल में भारत और सेशेल्स के बीच लंबे समय से चले



आ रहे बहुआयामी और परखे हुए संबंध और अधिक गहराई और गति प्राप्त करेंगे। प

रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत और सेशेल्स के बीच संबंध केवल भौगोलिक निकटता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये साझा संस्कृति, समुद्री विरासत और पारस्परिक विकास की भावना से जुड़े हैं। दोनों देशों ने वर्षों से समुद्री सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय सहयोग किया है।

### सरकार ने घोषित की 'महामारी'

## जापान में फैली बीमारी के कारण 4000 से अधिक लोग अस्पतालों में हुए भर्ती

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान इन दिनों तेजी से बढ़ रहे फ्लू संक्रमण की चपेट में है, देखते ही देखते यहां 4000 से अधिक लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराने की नौबत आ गई है। जापान सरकार ने आधिकारिक तौर पर 'देशव्यापी फ्लू महामारी' घोषित कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक देशभर के लगभग 3,000 अस्पतालों में कुल मिलाकर 4030 फ्लू मरीजों के भर्ती होने की सूचना मिली है।

ओकिनावा, टोक्यो और कागोशिमा शहर सबसे ज्यादा प्रभावित बताए जा रहे हैं। यहां तेजी से बिगड़ते हालात के बीच संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए 130 से ज्यादा स्कूल, किंडरगार्टन और चाइल्डकैअर सेंटर अस्थाई तौर पर बंद कर दिए गए हैं। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार साफ होता है



कि जापान में इन दिनों हालात कमोबेश कुछ वैसे ही हैं जैसे कि कोरोना महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन में देखे जा रहे थे। जापान में फैल रही ये बीमारी कोई नई नहीं है, फ्लू हर साल फैलता रहता है हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि इस साल इसके मामले मौसम की अपेक्षा से पांच सप्ताह पहले ही देखे जाने लगे हैं, जिसने स्वास्थ्य सेवाओं पर न सिर्फ अतिरिक्त दवाब बढ़ा दिया है साथ ही सेहत को लेकर कई चुनौतियां भी देखी जा रही हैं।

### सितंबर से देखी जा रही है फ्लू संक्रमण की दिक्कत

*22 सितंबर से 28 सितंबर के बीच जापान में 4,000 से अधिक लोगों का इन्फ्लूएंजा का इलाज किया गया। 29 सितंबर से 5 अक्तूबर तक इन्फ्लूएंजा के इलाज वाले रोगियों की संख्या बढ़कर 6,000 से अधिक हो गई है। जापान के 47 प्रांतों में से 28 में फ्लू के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञ इन मामलों को एशियाई देशों के लिए भी चुनौतीपूर्ण मान रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, वायरस के व्यवहार और प्रकृति में कई प्रकार का परिवर्तन नोटिस किया जा रहा है जो इस तीव्र प्रकोप का प्रमुख कारण है। होक्काइडो के स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर योको त्सुकामोटो ने मीडिया से बात करते हुए कहा, इस साल फ्लू का मौसम बहुत जल्दी शुरू हो गया है।*

### ताकत वतन की हमसे है

## बीएसएफ को मिले 167 नए जांबाज श्रीनगर में पासिंग आउट परेड संपन्न

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

श्रीनगर स्थित बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर हुमहामा में आयोजित पासिंग आउट परेड में 167 रंगरूटों ने सफल प्रशिक्षण के बाद बल में शामिल होकर राष्ट्र सेवा की शपथ ली। मुख्य अतिथि आईजी सोलोमन यश कुमार मिंज ने परेड का निरीक्षण करते हुए जवानों के आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रशिक्षण की सराहना की। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के बाहरी क्षेत्र हुमहामा स्थित बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर में शनिवार को रंगरूटों की पासिंग आउट परेड और सत्यापन समारोह आयोजित किया गया। इसमें 167 रंगरूट बीएसएफ में शामिल होने के लिए पास आउट हुए।



### आईजी ने कांस्टेबलों की भव्य सत्यापन परेड का निरीक्षण किया

आईजी एसटीसी कश्मीर (बीएसएफ) सोलोमन यश कुमार मिंज मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि का स्वागत एसटीसी बीएसएफ कश्मीर के कमांडेंट योगिंदर अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि ने बीएसएफ रिक्रूट कांस्टेबलों की भव्य सत्यापन परेड का निरीक्षण किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रक्षा की पहली पंक्ति होने के नाते बीएसएफ अपनी स्थापना के बाद से न केवल हमारी सीमाओं की प्रभावी ढंग से रक्षा कर रही है इसने अद्वितीय वीरता और दृढ़ संकल्प के साथ विदेशी प्रायोजित आतंकवाद और आंतरिक उग्रवाद से लड़ने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सीमाओं पर उत्पन्न होने वाले आतंकवाद और नार्को टेरर के खतरों को खत्म करने के लिए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच घनिष्ठ सहयोग और समन्वय आवश्यक है। मुख्य अतिथि ने जोर देकर कहा कि एक कुशल तंत्र और प्रतिक्रिया प्रणाली के साथ बीएसएफ विशाल चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### चीन ने दुर्लभ खनिज निर्यात पर प्रतिबंध का किया बचाव

## अमेरिका और चीन के बीच छिड़ा व्यापार युद्ध, ट्रंप के 130 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भड़का चीन

### चीन ने दी अमेरिका को चेतावनी, कहा-उठाएंगे सख्त कदम

*अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध छिड़ गया है। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीनी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने के बाद चीन ने इसे सही नहीं बताया और भड़क गया है। इस कदम से दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है। चीन का कहना है कि यह व्यापार नियमों का उल्लंघन है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगा।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन ने रविवार को दुर्लभ खनिजों और उनसे जुड़ी वस्तुओं पर अपने नए निर्यात नियंत्रण उपायों का बचाव किया और कहा कि यह वैश्विक शांति की रक्षा के लिए उठाया गया जायज कदम है। इसके साथ ही चीन ने अमेरिका को चेतावनी दी कि अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीनी निर्यात पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी को अमल में लाते हैं, तो वह सख्त कदम उठाएगा। बीजिंग ने गुरुवार को दुर्लभ खनिजों, लिथियम बैटरियों और इन खनिजों से बनी अत्यधिक कठोर सामग्री के खनन और प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) से जुड़ी तकनीकों और उपकरणों के निर्यात पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की थी।

ये नए नियंत्रण उपाय तत्काल प्रभाव से लागू हो गए और इसमें उत्पादन तकनीकों का विदेशी स्थानांतरण भी शामिल है। इन नियंत्रण उपायों (जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए) में उत्पादन तकनीकों का विदेशी स्थानांतरण भी शामिल है।

चीन ने कहा कि यह फैसला इस वजह से लिया गया है, क्योंकि कुछ विदेशी कंपनियां चीन से मिली सामग्री का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए कर रही थीं। चीन के इस कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नवंबर से चीनी वस्तुओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी।




### दोनों देशों के बीच ट्रेड

अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए गए 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क के बाद दोनों देशों में ट्रेड वार देखने को मिल रहा है। चीन ने अमेरिका के इस कदम को उसके दोहरे मापदंड का आरोप लगाया है। दुनिया की सबसे बड़ी दो अर्थव्यवस्था के बीच अगर तनाव बढ़ता है तो इसका असर दुनिया की अन्य अर्थव्यवस्थाओं पर भी देखने को मिल सकता है।

### चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने ट्रंप की धमकी की जवाब दिया

रविवार को चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में ट्रंप की धमकी पर जवाब दिया और अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह 'राष्ट्रीय सुरक्षा' की अवधारणा का जरूरत से ज्यादा विस्तार कर रहा है और चीन के खिलाफ निर्यात नियंत्रण उपायों का दुरुपयोग कर रहा है, जिसमें सेमीकंडक्टर और चिप क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,